

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 26 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-058 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### निर्वाचन आयोग के सम्मेलन में कानूनी ढांचे को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा

**रायपुर,26 मई।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपने कानूनी ढांचे को सुदृढ़ और आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप पुनः संरेखित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने इस सम्मेलन का उद्घाटन निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में किया। सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और देश के 28 उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ अधिवक्ता, आयोग के वरिष्ठ अधकारीगण, एवं सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 36 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य आयोग की कानूनी संरचना को उभरती परिस्थितियों और विधिक चुनौतियों के अनुरूप रूपांतरित करते हुए समन्वय को सुदृढ़ बनाना है। सम्मेलन में गैर-प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण अपनाने और समुचित सुनवाई के अवसर सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। यह एक दिवसीय सम्मेलन भारत निर्वाचन आयोग और देश के प्रमुख विधि विशेषज्ञों के बीच संवाद और विचार-विमर्श का एक प्रभावी मंच बना। यह रणनीतिक पहल भारत में निर्वाचन न्यायशास्त्र की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार आयोग के विधिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चर्चा में आयोग की विधिक टीम की तैयारी, दक्षता और समन्वय विशेषकर निर्वाचन कानून, न्यायिक प्रक्रियाओं और विधिक सुधारों से संबंधित पहलुओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

### देवगढ़ बौद्ध गुफा में मधुमक्खियों का हमला

**ललितपुर।** यूपी में ललितपुर जिले के चर्चित पर्यटन स्थल देवगढ़ की ऐतिहासिक बौद्ध गुफाओं में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। जल जीवन मिशन के तहत निरीक्षण पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों के दल पर अचानक जंगली मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस हमले में रेशम विकास एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष सचिव आईएएस सुनील कुमार वर्मा, एडीएम (नमामि गंगे) राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीडीओ कमलाकांत पांडेय समेत कुल 9 अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह अधिकारी करीब 50 करोड़ रुपये की परियोजना का निरीक्षण करने के लिए देवगढ़ गांव पहुंचे थे, जो ललितपुर से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित है। निरीक्षण के बाद सभी अधिकारी देवगढ़ की ऐतिहासिक गुफाओं को देखने गए, तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया।

मौके पर मची अफरा-तफरी में अधिकारी जान बचाने के लिए पेड़ों के पीछे और मिट्टी में छिपने लगे। आईएएस सुनील वर्मा किसी तरह वाहन तक पहुंचने में सफल रहे और सुरक्षित निकल गए।

# जो सिंदूर मिटाएगा, उसका मिटना तय है: मोदी

**अहमदाबाद,26 मई।** दाहोद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब कोई हमारी बहनो के सिन्दूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपनों में भी नहीं सोचा होगा मोदी से मुकाबला कितना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने जो किया, उसके बाद क्या भारत चुप बैठ सकता था? क्या मोदी चुप बैठ सकते थे? जब कोई हमारी बहनों और माताओं के माथे से सिंदूर मिटाता है, तो उसका मिटाना भी पक्का हो जाता है। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ़ सैन्य कार्रवाई नहीं है, यह भारतीयों के मूल्यों और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवाद फैलाने वालों ने शायद कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से दुश्मनी कितनी कठिन हो सकती है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मोदी ने वही



किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। उन्होंने कहा कि भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विभाजन के बाद, नवगठित देश का एक ही लक्ष्य था - भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना। लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है - आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना है। वास्तव में विकसित भारत तभी संभव है जब हमारी सशस्त्र सेनाएँ मजबूत हों - और हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो। और हम पूरी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।

### मुंबई में मूसलाधार बारिश

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के मुंबई में कुदरत का कहर बरपा। मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवा से पेड़ धराशायी हो गए। सड़कों पर जलभराव है। 7-8 किमी लंबा जाम लगा है। घने बादल से विजिबिलिटी लो है। आसमानी आफत के बीच शहर की 96 इमारतें खाली कराई गईं। बिल्डिंगों में रहने वाले 3100 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। तेज हवा की चेतावनी जारी की है।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले तीन से चार घंटों में मुंबई में अलग-अलग स्थानों पर 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा, भारी बारिश और बिजली चमकने की संभावना जताई है।

# पाक को क्षेत्रीय रियायतें मिलने के लिए नेहरू जिम्मेदार: दुबे


**नई दिल्ली,26 मई।** भाजपा नेता निशिकांत दुबे ने सोमवार को अमेरिकी विदेश विभाग का 1963 का एक गोपनीय संदेश साझा किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके पिता जवाहरलाल नेहरू उन निर्णयों के लिए जिम्मेदार थे, जिनके कारण पाकिस्तान को क्षेत्रीय रियायतें मिलीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आयरन लेडी इंदिरा जी और उनके पिताजी नेहरु जी कश्मीर के अवैध क़ब्ज़े पाकिस्तान के द्वारा 1948 के बाद दुबारा मध्यस्थ अमेरिका और ब्रिटेन के दबाव में भारत सरकार के मंत्री स्वर्ण सिंह जी व ज़ुल्फ़िकार अली भुट्टो की लगातार बैठक 1962 से 1964 के बीच हुई। दुबे ने कुछ कागज साक्षा करते हुए आगे लिखा कि इस काग़ज़



को गौर से पढ़िए, भारत ने पुंछ तथा उरी पाकिस्तान के द्वारा ज़बरदस्ती हथियाए भूभाग को पाकिस्तान को देने का फ़ैसला ही कर लिया था, इतने पर ही मामला नहीं रुका गुरेज़ में पूरी नीलम और किशनगंगा घाटी के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल को अन्तरराष्ट्रीय सीमा। दुबे के अनुसार, भारत ने पुंछ और उरी में पाकिस्तान द्वारा जबरन कब्जा किए गए क्षेत्रों को वापस करने पर सहमति जताई थी। यह नियंत्रण रेखा के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में गुरेज में संपूर्ण नीलम और किशनगंगा घाटी को नामित करने के लिए तैयार था। उन्होंने कहा कि भारत की आज की समस्या का एकमात्र कारण कांग्रेस का हाथ है। किसके साथ? कराची से अमेरिकी विदेश मंत्री को भेजे गए टेलीग्राम से पता चलता है कि भारत ने संभावित समझौते के तहत पुंछ, उरी और किशनगंगा घाटी जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को पाकिस्तान को सौंपने पर विचार किया था। इसमें भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में मतदान के लिए सहमत होने की अनिच्छा का उल्लेख किया गया है, जिसमें क्षेत्रीय नियंत्रण की चिंताओं का हवाला दिया गया है, जबकि पाकिस्तान ने पूर्ण-राज्य मतदान पर जोर दिया, जिससे गतिरोध पैदा हो गया।

# भारत में बढ़ रहा कोरोना का खतरा !

**नई दिल्ली,26 मई।** देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है। मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में (19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 26 मई को सुबह 8:00 बजे देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1009 है। कुल केसों की बात करें तो केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई में 209 और दिल्ली में अब तक 104 मामले दर्ज किए गए हैं। इन शहरों के बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (Insacog) के ताजा



आंकड़ों के मुताबिक, नए कोरोना संक्रमणों में वृद्धि के बीच दो नए वेरिएंट के मामले सामने आए हैं। पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। अब यहां सक्रिय मामलों की संख्या 11 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सांस संबंधी समस्याओं वाले मरीजों का सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इनमें से ज्यादातर मामले कोलकाता और उसके उपनगरों से सामने आए हैं। 19 मई तक बंगाल में कोरोना का सिर्फ एक सक्रिय मामला था।

# सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में ढाई साल बाद दिखा बाघ

**गरियाबंद,26 मई।** छत्तीसगढ़ के सीतानदी-उदंती अभयारण्य में रविवार रात बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हो गई है. बाघ के पदचिन्ह पहले ही मिल चुके थे, लेकिन 100 ट्रैप कैमरे होने के बावजूद उसकी तस्वीर नहीं मिल पा रही थी. आखिरकार 8 दिनों की मशक्कत के बाद अरसीकन्हार रेज में बाघ की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है, जो शनिवार रात की थी. इसके बाद रविवार की शाम भी बैल का शिकार करते हुए बाघ की तस्वीर कैमरे में कैद हुई. सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व के DFO वरुण जैन ने कहा कि 8 दिनों के बाद जाकर बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हुई है. अब यह पता लगाया जा रहा है कि बाघ किस राज्य से आया है. इसके लिए तस्वीरें देहरादून स्थित वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया भेजी जा रही है. बता दें, बीते ढाई साल से टाइगर रिजर्व में बाघ के कोई सुराग नहीं मिले थे. लेकिन अनुकूलित वातावरण मिलने से



अब बाघ समेत कई अन्य वन्य जीव भी यहां आने लगे हैं. इससे पहले यहां 2019 में मध्यप्रदेश से और अक्टूबर 2022 में तेलंगाना से महाराष्ट्र होते हुए पहुंचा था. अब ढाई साल बाद 2025 में बाघ की उपस्थिति फिर से लौट आई है. दरअसल, 1852 स्क्वेयर किलो मीटर में फैले अभ्यारण्य को वन्य प्राणियों के अनुकूल वातावरण तैयार करने में वन विभाग को सफलता मिल रही है. बीते डेढ़ साल में बफर जोन में 700 हेक्टर जंगल में अतिक्रमण करने वाले 250 अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई कर खदेड़ा गया है.

# भारत की सुरक्षा नीति आत्मनिर्भर और निर्णायक : अमित शाह

**नई दिल्ली,26 मई।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जब बीएसएफ के 18वें अलंकरण समारोह और प्रतिष्ठित रुस्तमजी मेमोरियल लेक्चर में आए तो वह दृश्य केवल एक समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा चेतना का उद्घोष बन गया। यह कोई साधारण उपस्थिति नहीं थी। यह उस दूरदर्शी रणनीतिकार का आगमन था जो नीतियों को केवल भाषणों तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें रणनीतिक अस्त्रों में परिवर्तित करता है। भारत के सुरक्षा-शिल्पकार, लौह-संकल्प के धनी अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अब 'प्रतिक्रिया' नहीं बल्कि 'प्रतिकार' करता है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि, 'जिन आतंकियों के जनाज़े पर पाक सेना के अफसर कंधा दे रहे हैं, वही इस बात का सबसे बड़ा सबूत है कि पाक अब आतंक का समर्थक नहीं, संरक्षक है। ऑपरेशन सिंदूर से यह बात उजागर हुई है कि पाकिस्तान और आतंकवाद के बीच गठजोड़ है। कई दशकों से देश पाक समर्थित आतंक का सामना कर रहा है। पाक ने कई घटनाएँ की, लेकिन इसका उचित जवाब नहीं दिया गया। 2014 में मोदी जी पीएम बने, जिसके बाद आतंकवाद को मुँहतोड़ जवाब मिला। उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा के बाद एयर स्ट्राइक और अब पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर। यह सब उस बदलते भारत की गवाही देते हैं, जो अब संकल्प के साथ कार्रवाई करता है। 8 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया गया और 9 आतंकी अड्डों को नष्ट किया गया, जिसमें सिर्फ आतंकी कैंपों को ध्वस्त किया। ऑपरेशन सिंदूर मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों से सटीक जानकारी और सेना की मारक क्षमता का अद्भुत



प्रदर्शन था। सेना ने 100 किमी अंदर घुसकर पाक को उसका जमीर दिखाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में बीएसएफ के कर्मियों की वीरता और समर्पण ने देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। युद्धकाल हो या शांति काल, बीएसएफ के जवानों ने हमेशा अपने कर्तव्य को निभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी।

# जोगी की मूर्ति हटाने पर गौरेला में बवाल

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,26 मई।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की मूर्ति को लेकर गौरेला में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. ज्योतिपुर चौक पर स्थापित अजीत जोगी की प्रतिमा को बीती रात चोरी-छिपे हटा दिया गया. हैरानी की बात है कि मूर्ति हटाए जाने की जानकारी न तो मुख्य नगरपालिका अधिकारी को थी और न ही संबंधित ठेकेदार को. घटना को लेकर आम नागरिकों में भरी आक्रोश है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मूर्ति को उसके पैरों से तोड़कर बेहद अपमानजनक तरीके से हटाया गया और रात के अंधेरे में नगरपालिका परिसर के पास स्थित एक गंदी जगह पर फेंक दिया गया. इस घटना की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है. पार्षद नीलेश साहू ने प्रतिमा हटाए जाने की घटना को घिनौना कृत्य बताया है. कहा कि सवर्गीय अजीत जोगी की मूर्ति को हटाया जाना घिनौना कृत्य है. शासन-प्रशासन से मांग है कि 24 घंटे के भीतर मूर्ति को पूर्व स्थान पर पुनः स्थापित किया जाए. यह जनभावना के साथ खिलवाड़ है, मांग पूरी नहीं होने पर आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा. थाना प्रभारी नविन बोरकर ने मामले में एफआईआर दर्ज करने की तैयारी है. जिस गाड़ी से प्रतिमा को हटाया गया है, उसकी पहचान सीसीटीवी के आधार पर कर ली गई है. मामले में गहन जांच के बाद मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी.

### धरने पर बैठे अमित जोगी

इस बीच अजीत जोगी के पुत्र और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी खुद मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए है।



### झारखंड में 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रांची,26 मई।** झारखंड को नक्सल मुक्त बनाने के लिए झारखंड पुलिस और सुरक्षा बल लगातार संयुक्त अभियान चला रहे हैं. इसी क्रम में लातेहार जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एक बार फिर मुठभेड़ हुई, जिसमें सुरक्षा बलों ने 5 लाख रुपये के इनामी सब-जोनल नक्सली कमांडर मनीष यादव को मार गिराया. इसके साथ ही, इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपये के इनामी कुख्यात नक्सली कुंदन खरवार को भी गिरफ्तार किया गया है. यह घटना झारखंड के लातेहार जिले के महुआडार थाना क्षेत्र में क्ररमखाड़ और दोना के बीच हुई, जहां सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी.

### बहू को वेतन से सास का भरण-पोषण करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

**बिलासपुर,26 मई।** हाई कोर्ट ने कहा है कि अनुकंपा नियुक्ति को मृतक कर्मचारी की संपत्ति नहीं माना जा सकता। इसलिए बहू को वेतन से सास का भरण-पोषण करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। इसी के साथ कोर्ट ने बहू को सास का भरण-पोषण देने से मुक्त कर दिया। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति मृतक की व्यक्तिगत सेवा के एवज में दी जाती है। कोर्ट ने परिवार न्यायालय, मनेंद्रगढ़ के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें बहू को हर महीने सास को 10 हजार रुपये देने का आदेश दिया गया था। एसईसीएल हसदेव के कर्मचारी भगवान दास की वर्ष 2000 में मृत्यु होने पर बड़े बेटे ओंकार को अनुकंपा नियुक्ति मिली, लेकिन कुछ वर्षों बाद उसकी भी मौत हो गई। उसकी पत्नी को केंद्रीय अस्पताल मनेंद्रगढ़ में अनुकंपा नियुक्ति दी गई। इस बीच ओंकार की मां ने मनेंद्रगढ़ परिवार न्यायालय में वाद दायर कर बहू से 20 हजार रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण की मांग की। सास ने कहा कि वह 68 वर्ष की है, बीमार रहती है और मात्र 800 रुपये पेंशन में गुजारा मुश्किल है। इस पर न्यायालय ने भरण-पोषण का आदेश दिया।

# 'जासूस' ज्योति के मोबाइल से रिकवर हुआ डिलीटेड डाटा

**नई दिल्ली,26 मई।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हुई हरियाणा की फेमस यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ज्योति के पास से बरामद मोबाइल से जांच एजेंसियों ने डिलीट किया हुआ डाटा रीकवर कर लिया है। इसमें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े पीआईओ के साथ बातचीत के प्रमाण मिले हैं, साथ ही पाकिस्तानी अधिकारी 'दानिश' का नाम भी सामने आया है, जो दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में एक समय कार्यरत था। बता दें कि, दानिश की संदिग्ध हरकतों की वजह से भारत ने उसे इसी महीने वापस पकिस्तान भेज दिया था। दानिश के साथ ज्योति के करीबी सम्बन्ध होने की बात भी सामने आई थी। दानिश ही वो व्यक्ति था जिसके बहकावे में आकर ज्योति ने कथित तौर पर देश की अहम जानकारियां पाकिस्तान को दी थी। पुलिस के अनुसार ज्योति पास से



उन्हें तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप मिला था, जिन्हें डिजिटल फोरेंसिक जांच के लिए मधुबन, करनाल स्थित लैब भेजा गया। मोबाइल में से डिलीट किया गया डाटा और कॉल डिटेल्स रिकवर कर ली गई हैं, लेकिन लैपटॉप के डेटा का अभी इंतजार है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि ज्योति ने अपने मोबाइल के जरिये पाकिस्तान में मौजूद लोगो से लगातार संपर्क में थी। पुलिस के अनुसार ज्योति ने अपने व्हाट्सएप से पाकिस्तानी नम्बरों पर चैट किया है और कुछ वीडियो ट्रांसफर किए हैं। यह मामला केवल हरियाणा पुलिस तक सीमित नहीं रहा। ज्योति से पूछताछ के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान जैसे राज्यों की पुलिस ने हरियाणा पुलिस से संपर्क साधा है। इनमें से अब तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की पुलिस टीमें भी हिसार पहुंच चुकी हैं और ज्योति से पूछताछ कर चुकी हैं। बताया जा रहा है कि ज्योति ने जिन राज्यों में ट्रैवल किया और वहां की वीडियो अपने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड की।

# पाक पीएम ने फिर कराई पाकिस्तान की इंटरनेशनल बेइज्जती

**करांची,26 मई।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद भी पाकिस्तान झूठे प्रचार में जुटा है। पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी सेना चिल्ला-चिल्लाकर झूठ का प्रोपेगेंडा फैला रहे हैं। हालांकि अपनी नाकामियों और अधूरे ज्ञान के कारण शहबाज शरीफ और पाकिस्तान सेना अक्सर पाकिस्तान की इंटरनेशनल बेइज्जती कराते रहते हैं। इस बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। भारत पर झूठे हमलों की कहानी गढ़ने के लिए पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान सेना अध्यक्ष असीम मुनीर को चाइनीज रॉकेट फोर्स की तस्वीर गिफ्ट कर दी। जैसे ही यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, पाकिस्तान की इंटरनेशनल बेइज्जती होने लगी। दरअसल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल की रैंक देने के उपलक्ष्य में आयोजित डिनर के दौरान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक तस्वीर भेंट स्वरूप दी। इस तस्वीर को ये कहकर भेंट किया गया था कि किस तरह



पाकिस्तानी सेना की आर्टिलरी ने ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ भारत पर हमला किया था। तस्वीर में एक साथ कई मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम को फायरिंग करते दिखाया गया है। रॉकेट के दागने से तस्वीर में आग का गुबार भी दिखाई पड़ रहा है। फैक्ट-चेक में जब तस्वीर को जांचा गया तो पता चला कि ये तस्वीर पाकिस्तानी सेना की नहीं बल्कि चीन की पीएलए-आर्मी के रॉकेट फोर्स की है। ये तस्वीर वर्ष 2019 की है, जिसे चीन की सेना ने एक युद्धाभ्यास के दौरान खींचा था। इस तस्वीर को चीन की पीएलए-आर्मी की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। जैसे ही पता चला कि शहबाज शरीफ ने मुनीर को चीन की सेना की वर्ष 2019 की तस्वीर भेंट की है, पाकिस्तान में जबरदस्त मजाक उड़ाया जाने लगा। बता दें कि ये पहली बार नहीं है कि पाकिस्तान ने किसी फर्जी खबर को अपनी जीत के तौर पर प्रचार-प्रसार करने की कोशिश की है। ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री इसाक डार ने अपने देश की संसद में लंदन के डेली टेलीग्राफ की एक कतरन को दिखाकर भारतीय वायुसेना का उपहास करने की कोशिश की थी.

# रोड, नाली पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर चालानी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन 01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 स्मृति नगर, सूर्या मॉल चौंक रोड का निरीक्षण करने राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। वहां देखने में आया कि व्यापारियों द्वारा सड़क, रोड एवं नाली पर अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। साथ ही कुछ व्यापारियों के पास जाकर जाँच किया गया तो उनके द्वारा सिंगलयूज प्लास्टिक रखा गया था एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाया गया। जिसके तहत उन सभी दुकानदारों से 13800 रूपये की चालानी कार्यवाही करते हुए रसीद काटकर दिया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन 01 राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्मृति नगर एवं सूर्या मॉल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। वहां कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क बाधित कर व्यवसाय करने, सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाया गया। प्रमुख रूप से मेडी फ्लैक्स मेडिकोज से 1500, अंजिलेश मेडिकल से 1000, सांई मेडिकोज से 500, जय किराना स्टोर से 300, हिमालया वेलेंस कंपनी से 1000, बबीता माखीजा से 8000, मैरिज पैलेस से 1500 रूपये। इसी प्रकार कबाड़ी व्यवसाय




करने वाले द्वारा सड़क पर कबाड़ी कचरा डालकर गंदगी फैला रहा था एवं आवागमन को बाधित कर रहा था। जिस पर 20000 एवं होण्डई शो रूम द्वारा सर्विसिंग का पानी नाली में छोड़ रहा था, जिससे नाली का पानी सड़क में आ रहा था और सड़क खराब हो रहा था। इसके लिए उस पर 25000 रूपये एवं सर्विस रोड में वाहन मेकेनिक एवं ठेला खोमचे को हटाते हुए उनसे कुल 10200 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। कुल 69000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही उन्हे समझाईस दी गई की दुबारा गलती करने पर लाईसेंस निरस्त कर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। कार्यवाही के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, प्रभारी राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज, किस्टोपर आदि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### विधायक यादव ने जनता से की मुलाकात समस्याएं सुनकर किया त्वरित समाधान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने रविवार को सेक्टर 5 कार्यालय में स्थानीय नागरिकों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याएं सुनीं। भेंट मुलाक़ात करने शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपने विधायक से मिलने पहुंचे। नागरिकों ने प्रमुख रूप से जल आपूर्ति की अनियमितता, क्षतिग्रस्त सड़कों, जलजमाव, कचरा प्रबंधन, ड्रेनेज की सफाई, स्ट्रीट लाइट्स की खराबी और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को उजागर किया। विधायक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। उन्होंने कहा, जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना उनकी जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि भिलाई शहर के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं और जल्द ही उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्षदगण और खुर्सीपार की जनता ने सीवरेज की समस्या के बारे में विधायक को बताया। खुर्सीपार में सीवरेज लाइन का काम किया जा रहा है। लेकिन बारिश में व्यवस्थित तरीके से काम नहीं होने की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में बारिश का पानी गली और लोगों के घरों में भी भर सकता है इसे गंभीर बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। क्योंकि ठेकेदार ने सीवर लाइन के लिए कई जगह खुदाई कर करके काम छोड़ दिया है। 5-7 फीट गहरे गड्ढे खोद कर छोड़ दिए है। इसके अलावा खुर्सीपार और टाउनशिप एरिया में बैकलिंक की सफाई भी नहीं की गई है। पार्षदों ने बताया कि बेक लाइन की सफाई नहीं होने से बारिश में निकासी की बड़ी समस्या आती है और गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। हर बार बीएसपी प्रबंधन गर्मी के सीजन में बेक लाइन की सफाई की बात करता है लेकिन सफाई नहीं करवा रहा है। इस साल अब तक किसी भी सेक्टर के बैक लाइन की सफाई बीएसपी प्रबंधन द्वारा नहीं की गई है। समाजसेवी संगठन और युवा प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक ने लोगों से सीधा संवाद कर भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

### सेक्टर-10 में समाधान विषय पर गोष्ठी का आयोजन

**भिलाई, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा जनगणना को लेकर आने वाली रुकावटें, चुनौतियां और उनका समाधान विषय पर गोष्ठी का आयोजन सेक्टर - 10 में किया गया इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा बहुप्रतीक्षित मांग राष्ट्रीय जनगणना जातीय आधारित कराए जाने के फैसले से ओबीसी समाज को सामाजिक न्याय मिलने की राह प्रशस्त प्रतीत हो रही है जातिगत जनगणना एक ज्वलंत मुद्दा है, जिसे गंभीरता से लिया जाना सरकार और विपक्ष द्वारा एक सराहनीय कदम है जनगणना भारत देश की बहुसंख्यक आबादी ओबीसी समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी इस अवसर पर महासभा के प्रदेश महासचिव युगल किशोर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी खिलेश्वरी, साहू प्रदेश उपाध्यक्ष महेश गौरव, दुर्ग जिला संरक्षक राजेंद्र परगनिहा, अशोक वर्मा, राजेश विश्वकर्मा, अधिवक्ता मुक्तानंद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### ब्राउन शुगर खपाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई ब्राउन शुगर को खपाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एएसपी सुखनंदन राठौर और पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तवर ने बताया



कि मोहन नगर टीआई केशव कोसले को सूचना मिली कि गंज सब्जी मंडी मोहन नगर के पास दो युवक ब्राउन शुगर बेच रहे है पेट्रोलिंग टीम के साथ पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी देवेन्द्र विश्वकर्मा उर्फ मोंटू पिता राजेश विश्वकर्मा (31 साल ) और करन रंगारी पिता महेंद्र रंगारी (23 साल ) को गिरफ्तार कर लिया दोनों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 50 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया। जिसका वजन 24 ग्राम है आरोपियों ने जिससे ब्राउन शुगर मंगाया था पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### एसएसपी विजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक ली

**भिलाई, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में एसएसपी विजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक



ली इस दौरान उन्होंने 1 जून से शुरू हो रहे ऑपरेशन मुस्कान की जानकारी दी बैठक में थाना एवं चौकी प्रभारी मौजूद थे बैठक में पिछले एक वर्ष से अधिक समय से लंबित अपराध एवं चालान का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश एसएसपी ने दिए। सभी रजिस्ट्ररों को अघतन करने एवं बाउंड ओव्हर की कार्रवाई करने के लिए निर्देश किया एसएसपी ने जिले के निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की सतत जांच करने एवं पुराने गुण्डे बदमाश जो निर्षक्रय हैं, उनकी फाइल बंद करने की भी बात कही उन्होंने बताया कि 1 से 30 जून तक ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जाएगा। इसमें इसमें गुम इंसान को खोजकर उनके परिजनों तक पहुंचाया जाएगा।

## एक नजर

### धनोरा महावीर उद्यान में मंगलवार को शनि जयंती



**उतई, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग के तत्वावधान में 27 मई मंगलवार को हर साल की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ महावीर उद्यान में पधारे शनि देव महाराज के जंयती मनाया जाएगा दरबार के लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि सुबह 11 बजे पुजा पाठ एवं दोपहर 3 बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा अतः सभी भक्तों से आग्रह है कि इस पुनीत कार्य में आकर अपने जीवन को कृतार्थ करे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्राम कातरों में आयोजित



**उतई, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिमा हॉस्पिटल, महिमा मेडिकल एवं शाश्वत डायग्नोस्टिक सेंटर उतई के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 25 मई 2025 को ग्राम कातरों मे निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में 49 मरीज का जांच कर दवाई वितरण किया गया सभी मरीजों का बीपी सुगर स्कैनिंग कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में मेडिसिन विभाग से डॉ पवनकुमार नामेवार एम.बी.बी.एस. (डी.एन.बी.) डॉ जयप्रभा साहू फिजियोथैरेपीस्ट, डॉ आकाश साहू, , ललित कुमार साहू, चिम्मन ठाकुर, रुपनारायण देवांगन, भेनकुमारी यादव, रीना चंद्राकर, रितिका नारंग, मोहपाल साहू, भागी कुम्हार डोमार खुटेल , भावसिंग एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे

### झीरम घाटी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**उतई, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 25 मई को झीरम घाटी की दर्दनाक घटना को स्मरण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई एवं ब्लॉक कांग्रेस रिसाली नगर निगम के कार्यकर्ताओं के साथ शहीद हुए सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### निधन

#### सुधा श्रीवास्तव

**उतई, 26 मई।** श्रीमती सुधा श्रीवास्तव (पत्नी - स्वर्गिये कैलाश नाथ श्रीवास्तव) का स्वर्गवास 24 मई को प्रातः 6:15 बजे हो गया। उनके निधन पर संगीता एवं संदीप, संजीव एवं रुचि, नमिता एवं राजेश, कुशाग्र एवं गरिमा, प्रखर, शाश्वत, मृदुल, देवयानी, पंखुड़ी श्रीवास्तव परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।



भिलाई में 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित कैरियर काउंसिलिंग सेमिनार में बोले राज्यपाल

# छत्तीसगढ़ की मिट्टी में प्रतिभा की कमी नहीं : रमेन डेका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मई।** राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नही है। यहाँ के युवा डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, वैज्ञानिक और लीडर बन सकते हैं। बस उन्हें सही गाइडेंस और सही मंच मिलना चाहिए और एडु फेस्ट के माध्यम से वह मंच आज आपके सामने है। राज्यपाल डेका भिलाई में 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित कैरियर काउंसलिंग सेमिनार को मुख्य अतिथि की आसन्दी से सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने माता सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राज्यपाल ने कहा कि भिलाई को हम शिक्षा की धानी कहते है। यहाँ का माहौल संस्था और स्कॉलरशिप की परंपरा इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में देश का भविष्य बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज आप सब एक ऐसे मोड़ पर खड़े है, जहाँ से आपका भविष्य तय होता है। राज्यपाल ने कहा कि स्कूली शिक्षा के दौरान कक्षा




10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी का समय केवल परीक्षा पास करने का नही, बल्कि अपने सपनों को दिशा देने का होता है। माई एडु फेस्ट सिर्फ एक एकेडमिक मेला नही है। यह एक अवसर है, अपने अंदर छिपे हुनर को पहचानने का अलग-अलग कैरियर विकल्पों को समझने का और यह जानने का कि पढ़ाई का उद्देश्य सिर्फनंबर लाना नही है, बल्कि एक अच्छा नागरिक और संवेदनशील इंसान बनना है। यहाँ देश भर की यूनिवर्सिटीज की जानकारी, एक्सपर्ट की राय और प्रेरक वक्ता की प्रेरणादायक बाते आपको एक नई सोच, एक नई ऊर्जा और एक नया आत्म विश्वास देगी। राज्यपाल ने कहा कि आप डरिए मत, पूछिये, समझिए और फिर अपने मन की सुनिए। उन्होंने कहा कि छात्र की अपनी विशेषता होती है और अगर मेहनत व ईमानदारी के साथ रास्ता चुना जाए तो सफलता जरूर मिलती है। राज्यपाल ने अभिभावकों से भी कहा कि आप भी अपने बच्चों के सपनों को समझे और यह जानने की कोशिश करें कि कौन सा करियर आपके बच्चे के लिए सबसे उपयुक्त है। राज्यपाल ने कहा कि आज की शिक्षा केवल डिग्री नही, दिशा भी देती है, उस दिशा में अभिभावक का साथ बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आप सभी बड़े सपने देखिए, और उन्हें पूरा करने के लिए पूरी लगन और निष्ठा से जुट जाइये, आपका भविष्य आपके हाथ में है। राज्यपाल डेका ने इस उपयोगी पहल के लिए माई एडु फेस्ट के आयोजकों को बधाई दी और फेस्ट की सफलता की कामना किया। राज्यपाल ने आयोजकों की ओर से विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, माई एडु फेस्ट के आयोजक वेदांतु और चौहान ग्रुप के पदाधिकारी, शिक्षाविद आई.पी. मिश्रा एवं नगर के गणमान्य नागरिक सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# वनांचल में पंडरिया विधायक ने किया दस टैंकरों का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 मई।** जनता की सुविधा, सुरक्षा, सशक्तिकरण सुनिश्चित करने एवं पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के साथ ही आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों में होने वाले जल संकट की समस्या के निवारण के लिए आज दस पानी टैंकरों का शुभारम्भ कर जनता की सेवा में समर्पित किया। उनके इस सराहनीय प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों में झिरिया का पानी पीने को मजबूर ग्रामवासियों को अब स्वच्छ पेयजल उपलब्ध




होगा। विधायक निधि से लगभग 25 लाख रुपए की लागत से इन सभी पानी टैंकरों के माध्यम से अब उन सुदूर और वनांचल ग्रामों में निवासरत परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सुचारू रूप से आपूर्ति होगी जहाँ गर्मी के मौसम में जल संकट की स्थिति रहती है। भावना बोहरा के इस सराहनीय प्रयास से उन सभी 11 पंचायतों में निवासरत सैकड़ों परिवारों को राहत मिलेगी और उन्हें स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होगी।इस अवसर पर भावना बोहरा ने ग्राम पंचायत बिरहुलडीह एवं ग्राम पंचायत कांदावानी, ग्राम पंचायत सेन्दुरखार, ग्राम पंचायत अमनिया, ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा, ग्राम पंचायत बदना, ग्राम पंचायत आगरपानी, ग्राम पंचायत छिंदीडीह, ग्राम पंचायत कुई, ग्राम पंचायत दमगढ़ और ग्राम पंचायत भेलकी में 3500 लीटर क्षमता वाले कुल 10 पानी टैंकर विधायक निधि से ग्राम पंचायतों को आवंटित की गई उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसका संचालन स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु की जाएगी। इससे ग्रामवासियों में भी खुशी की लहर है और उन्होंने पंडरिया विधायक का आभार भी व्यक्त किया है क्योंकि कि अब उन्हें दूर-दराज व अन्य क्षेत्रों में पानी लाने की असुविधा से छुटकारा मिलेगा वहीं उनके परिश्रम व समय की बचत भी होगी जिससे वे अपने दैनिक कार्यों एवं खेती-किसानी के कार्यों को भी निश्चिंत होकर कर सकेंगे। विधायक भावना बोहरा ने ग्राम बिरहुलडीह और मजगांव में 42 लाख 50 हजार के अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बधाई दी। उन्होंने ग्राम बिरहुलडीह में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया साथ ही ग्राम मजगांव में सामुदायिक भवन, सीसी रोड का भूमिपूजन व नवनिर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया।

# जामुल में तिरंगा यात्रा निकाल भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 26 मई।** भारतीय जनता पार्टी जामुल द्वारा 25 मई को शाम 5 बजे शिवाजी चौक वार्ड 08 से प्रारंभ कर वार्ड 12, वार्ड 13, छतीसगढ़ महतारी चौक, राम मंदिर होते हुए पुनः शिवाजी चौक में मां भारती की आरती के साथ ही पूर्व सैनिक शैलेश सिंह का सम्मान कर भव्य तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। यह यात्रा हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारतीय सेना द्वारा किए गए साहसिक और निर्णायक कार्रवाई के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भिलाई जिला के उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, प्रदेश युवा मोर्चा सदस्य आकाश ठाकुर, प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य कविता बिस्वाल, नूतन वर्मा महामंत्री, कार्यक्रम के संयोजक ओमप्रकाश साहू, सरस बर्मन, सोनू यादव, कामिन साहू, योगिता साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत देवांगन, पार्षद दीपक गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू, मंडल



उपाध्यक्ष दीपक सिंह, अरुण यादव, शेषमणि वर्मा, मंत्री संजय यादव, राकेश वर्मा, राजेंद्र चौहान, विजय राव रोहित साहू, स्वामी आत्मानंद स्कूल के अध्यक्ष लक्ष्मी छतरी मेघनाथ साहू, देवदत्त शर्मा, देवबिहारी मिश्रा किसन गर्ग, प्रहलाद जघेल, संतोष ठाकुर, धर्मेंद्र वर्मा, सुनील गायकवाड, शत्रुघन साहू, अनूप राय, खुमान सिंह, नवीन शर्मा, शांति लाल, बीरबल साहू, रजत मुखर्जी, लेखराम साहू, भानु साहू, मुरली साहू, बजरंग सिंह, लिलेश्वर साहू, ओम प्रकाश साहू, रामचंद्र साहू, प्रवीण शर्मा, सोनू पटेल, ऋषि साहू, सोमनाथ साहू, दौवा राम, गिरजा बर्मन, श्रद्धा बर्मन, गीता साहू, मन साहू, कदम निर्मलकर, राजवती चौहान, सायरा बानो, पुष्पा ठाकुर, मगलिन बाई, शांति साहू, शकुन वर्मा, सुनिता ठाकुर, कुमारी यादव, कौशल्या, सुमित्रा, टिकेश्वरी, पीटा बाई, रेखा साहू, संतोषी ठाकुर, भगवती साहू, कौशल्या पटेल, प्रियंका चौधरी, विद्या ढीमर, गंगोत्री वर्मा, दीपिका साहू एवं 8, 12, 13 के महिलाएं व बच्चे इस तिरंगा रैली में शामिल हुए।

भिलाई में मनाई गई 300वीं जयंती

# अहिल्या बाई होल्कर की दूरदर्शी महिला शासक के रूप में थी ख्याति : अजय शुक्ला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मई।** देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती 10 दिनों तक निगम भिलाई क्षेत्र में मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में अहिल्या बाई के जीवनी पर संगोष्ठी का आयोजन नेहरू नगर भेलवा तालाब के सामने किया गया। जिसमें प्रबुद्ध लोगों द्वारा राजमाता अहिल्या बाई होल्कर ने 18वीं शताब्दी में किस प्रकार से होल्कर साम्राज्य का विस्तार की, इसके बारे में परिचर्चा की गई।

नगर निगम भिलाई के जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होल्कर सामान्य परिवार में पैदा होकर अपने कुशल नेतृत्व, संघर्षशीलता, ईश्वर के प्रति भक्ति के बल पर होलकर वंश महारानी बन गयीं। उन्हें दूरदर्शी महिला शासकों के रूप में जाना जाता है। चाहे विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हो, स्त्रियों की शिक्षा, सब वर्ग का सम्मान, अपने राज्य में औद्योगीकरण को लागू करना, धर्म का प्रचार प्रसार उन्होंने कुशलतापूर्वक किया। रानी पहली शासक थी जिन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन योजना लागू की उस समय उनके वेतन से कुछ अंश कट करके रखा जाता था उतना ही राशि जोड़ करके उनके रिटायरमेंट के बाद उन्हें पेंशन प्रदान किया जाता था। अपनी सहेली का विधवा विवाह सर्वप्रथम उन्होंने ही करवाया था। जो पूर्व के




राजा सोचने से डरते थे उन कार्यों को संघर्ष करके कर डालती थी। डॉक्टर ललित पोपट ने कहा 31 मई 1725 को अहमद नगर के चौंड़ी गांव में जन्मी अहिल्या के पिता मनकोजी राव शिंदे ग्राम प्रधान थे, अहिल्या बाई शुरू से ही संस्कारिक, धार्मिक एवं सामाजिक रिती-रिवाजों में पली बढ़ी थी। भगवान शंकर के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा थी। उद्योगपति सुभाष गुलाटी ने बताया कि देवी अहिल्या आम लोगों की समस्याओं को जानने के लिए रात में भेष बदलकर नगर में घूमा करती थी खुद समस्याओं से और जनता के विचारों से अवगत होती थी और उसका निराकरण करती थी। भारत विकास परिषद के सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि एक अच्छी कूटनीतिज्ञ थी बड़े-बड़े राजा उनके कूटनीतिक चाल में फंस जाते थे यह सोच करके कहीं महिला रानी से हार गया तो बहुत बेज्जती होगा। उनके राज्य से मित्रता कर लेते थे। राजकाज के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियां जैसे मंदिरों, घाटों, कुओं, तालाबों और विश्राम गृह तीर्थ स्थलों तक निर्माण शामिल था। संगोष्ठी में प्रदीप डालमिया, दुग्गल, संजय भाटिया, सुबोध अग्रवाल, मयंक चतुर्वेदी, एम.पी. सिंह, नरेश गुप्ता, एम राजू, ठाकरे, अनिल डागा, शिवचरण गोयल, शैलेंद्र परिहार, रमेश साहू, शिवनारायण मोदी, राजेश साहू, आदि सहभागी रहे।

# पावर हाउस रेलवे स्टेशन के दो रिजर्वेशन काउंटर बंद करने से यात्रियों में रोष : राजेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने बताया कि भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में सुविधा देने के बजाय सुविधा में कटौती की जा रही है पूर्व में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए तीन रिजर्वेशन काउंटर से टिकट दिया जाता था परंतु डिजिटल सेवा के नाम पर 15 मार्च से दो रिजर्वेशन काउंटर को बंद कर दिया गया जिसके कारण यात्रियों में काफी लंबी लाइन लगी रहती है और टिकट के लाइनों में विवाद होते देखा जा सकता है क्योंकि तत्काल टिकट भी उसी काउंटर में मिलता है। ताम्रकार ने कहा की एक ओर प्रधानमंत्री द्वारा भारत के सभी रेलवे स्टेशनों को सर्व सुविधायुक्त बनाया जा रहा है और दूसरी ओर रेलवे के अधिकारियों के द्वारा स्टेशन में पूर्व से प्रारंभ सुविधा को बंद करने पर तुले हुए हैं। उछत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा, भिलाई शहर जिला कांग्रेस



कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महासचिव राजेश प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चौधरी आदि ने भी भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन के दो काउंटर नंबर 5 एवं 6 नंबर के रिजर्वेशन काउंटर को रेलवे द्वारा बंद किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि एक ओर प्रधानमंत्री द्वारा स्टेशन में सुविधा मुहैय्या करायी जा रही है तो दूसरी ओर स्टेशन में सुविधाओं को कम कर यात्रियों को परेशान किया जा रहा है।

# झीरम नक्सली हमले के शहीदों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

## शहीद उदय मुदलियार, अलानूर भिंसरा की मूर्तियों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 26 मई।** झीरम नक्सली हमले की 12वीं बरसी पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस भवन जयस्तंभ चौक में झीरम नरसंहार में शहीद कांग्रेस नेताओं के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि झीरम हमले में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा, राजनांदगांव के पूर्व विधायक उदय मुदलियार, अलानूर भिंसरा सहित प्रदेश कांग्रेस के कई नेता, सुरक्षाकर्मी नक्सलियों के इस नरसंहार के में शहीद हुए थे,वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल गंभीर रूप से घायल हुए थे,इस घटना के कुछ दिनों बाद 11 जून को उन्होंने अंतिम सांस ली। आज कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा के माध्यम से इन नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही पोस्ट ऑफिस चौक स्थित स्व.उदय मुदलियार एवं स्व. अलानूर भिंसरा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर ÷झीरम के शहीद अमर रहे÷ के



नारे लगाकर उनका पुण्य स्मरण किया..

पूर्व मंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेश पाटिला ने कहा कि झीरम के शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा,तत्कालीन राज्य सरकार की इंटेलीजेंस फेलियर के कारण यह घटना हुई। उन्होंने शहीद उदय मुदलियार और अन्य शहीद नेताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी,उन्होंने युवा पीढ़ी और उपस्थित कांग्रेसजनों को कांग्रेस की विचारधारा को संजोए रखने पर बल दिया और नेताओं के बलिदान को याद किया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, कुतुबुद्दीन सोलंकी, दिनेश शर्मा, पदम कोठारी, झम्मन देवांगन, रूपेश दुबे, मोहम्मद याहया, विकास त्रिपाठी, नरेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, रोहित चंद्राकर, गोपीचंद गायकवाड़, मामराज अग्रवाल, वीरेंद्र चंद्राकर, चेतन सिन्हा, सुरेंद्र देवांगन, अभिमन्यु मिश्रा, भोला यादव, संजय साहू, राजा यादव, हेमशंकर साहू, राकेश चंद्राकर, गोपी रजक, नासिर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ी समाज का सम्मेलन आयोजित



**रायपुर, 26 मई।** आज बैरन बाजार, रायपुर में छत्तीसगढ़ी समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ी समाज के स्टेट चेयरमैन डॉ. सत्यजीत साहू ने अपने प्रमुख वक्तव्य में कहा कि समाज के विभिन्न स्तरों पर नैतिक मूल्यों वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर प्रमुख भूमिकाओं के लिए तैयार करना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। विशिष्ट वक्ता प्रदीप शर्मा ने समाज को सशक्त कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. उदयभान सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद न्याय, समानता और आर्थिक प्रगति के लिए सहयोग की भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षण शिविर में गुलाब देशमुंख ने ज्ञापन तैयार करने और घनश्याम गजपाल ने मुद्दों के चयन पर प्रशिक्षण दिया। महासचिव सुबोध देव ने छत्तीसगढ़ी समाज के कार्यों के इतिहास और औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूर संघ के गठन पर प्रकाश डाला। संगठन सचिव चंद्रशेखर चंद्राकर ने वैश्विक स्तर पर 243 समाजों की सक्रियता और सामाजिक-आर्थिक आंदोलनों की जानकारी दी। मालती परगनिहा ने महिला संघ की गतिविधियों की जानकारी साझा की। छत्तीसगढ़ी समाज के रेक्टर आचार्य रितेश्वरानंद ने कहा कि यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ी समाज के सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन में दिनेश यादव, श्याम तिवारी, तारा तिवारी, कमल साहू, योगेश्वरी साहू, यदुनाथ, गुलशन, राखी वर्मा, कौशल्या, डॉ. दीपाली, सत्यप्रकाश, संजय जघेल, ललित ध्रुव, विक्रम नेताम , दीनबंधु साहु , संदीप चौहान, पीयूष साव, सुनील, हरीश साहू, मनोज साहू, डाली मंडल, संगीता सोनी, आकाश चंद्रवंशी, मुकेश वर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### पुलिस के रहते कोई अपराध नहीं पनप सकता: प्रसन्ना राणा

**डोंगरगढ़, 26 मई।** धर्मनगरी कहे जाने वाले तीर्थस्थल में पैसों के लालच में अपराध करने से जुवां सट्टा से लेकर नशे के कारोबार करने वालों पर पुलिस ने शिकन्जा कसते हुए कार्यवाही की जा रही है जिससे डोंगरगढ़ में अपराध करने वाले बदमाशो में हड़कंप मचा हुआ है. बताया जाता है कि जनवरी माह से कुल 07 पुलिसकर्मी का ट्रांसफर हो चुका है परंतु इनका डोंगरगढ़ से मोह ही भंग नहीं हो रहा है और थाने से भी रिलीफ ना मिलना कारण बताया गया. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि जिस प्रकार धर्मनगरी क्षेत्र में माह भर में 03 मर्डर व दर्जनों से कम दिनदहाड़े लूट के मामले आने के बाद पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने वाले और केन्द्र सरकार की योजना के तहत खरबो रु खर्च कर सभी धर्म के प्रतिक डोंगरगढ़ में अपराधिक घटनाओं के रोकथाम व कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में स्पेशल टीम बनाई गई है जो शहर के लोगों की शिकायत तत्काल जुवां, सट्टा, गान्जा, अवैध दारू के माफियाओं के कार्य पर अंकुश लगाते हुए कार्यवाही कर उन वार्डवासियो, पार्षद, नपाध्यक्ष सहित वार्ड के गणमान्य नागरिकों का वीडियो बयान लेकर अपराध पर रोक लगा सके. अगर जनता की शिकायत मिलती है तो इन अपराधों में शामिल अपराधियों को नहीं बक्शा जायेगा चाहे वह कोई भी ऊँची राजनीतिक पहुँच लगा लें. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि डोंगरगढ़ में बाहर से आने वाले मुसाफिर सहित नकली शराब, महादेव सट्टा एप, म्यूचल बैंक एकाउंट सहित नशे की गोलियों के सौदागरों पर पुलिस की पैनी नजर है और कोई भी अपराधी पुलिस की नजर से नहीं बच सकता. धर्मनगरी के लोगों से अपील की गई है कि अपने आसपास होने वाले आपराधिक गतिविधियों की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर पर 07744286622 व 9479192111 थाना प्रभारी को सूचना देकर सामाजिक बुराई को मिटाने में अहम योगदान दें.

■ डोंगरगढ़ के अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर

### वार्ड नं. 37,38,39,40 व 48 के लिये दिग्विजय कालेज में समाधान शिविर

**राजनांदगांव 26 मई।** शासन की पहल पर आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ का निराकरण करने एक माह से सुशासन तिहार 2025 का पूरे प्रदेश में आयोजन हो रहा है। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समस्याओं का निराकरण बताने समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में नगर निगम द्वारा भी वार्डो में 5 मई से 31 मई 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह कर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बताकर उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस का वितरण कर अन्य शासकीय योजना का लाभ दे रहे है। शिविर के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि समाधान शिविर की कडी में 26 मई सोमवार को वार्ड नं. 37,38,39,40 व 48 के लिये दिग्विजय कालेज में प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर लगाया जायेगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिये है, उनका समाधान बताया जायेगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा। उन्होंने उपरोक्त 5 वार्ड के वार्डवासियों से शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का समाधान जान, शासन की योजनाओ का लाभ लेने की अपील की है।

### बंद ढाबा से दान पेटी को चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




**राजनांदगांव, 26 मई।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहूल देव शर्मा एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देशन पर चौकी तुमडीबोड के द्वारा दिनांक 24/05/2025 के ग्राम तुमडीबोड के यारा द ढाबा में रखे दान पेटी जिसमें करीबन 7000-8000 रूपये रखे थे जिसको अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध विवेचना कार्यवाही में लिया गया तथा पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ढाबा में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी राघेश्वर साहू को ग्राम कोपेडीह के पास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा चोरी करना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी से चोरी किये गये मशरूका को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरी. दिलीप कुमार पटेल, सउनि चुन्नी लाल साहू, प्रधान आरक्षक 1206 लोकनाथ वर्मा,आर. 312 थलेश देशमुख, आर. 1233 कमल नेताम, आर. 70 प्रमोद करियारे, आर. 521 राकेश वर्मा की भुमिका सराहनीय रहा है।

## एक नजर

### नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने रखी प्रमुख सड़कों के नामकरण की मांग

**डोंगरगांव, 26 मई।** नगर पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने शहर की कई



प्रमुख सड़कों के नामकरण को लेकर नगर पंचायत में प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। श्री गुप्ता ने इस विषय में नगर पंचायत के सीएमओ को एक पत्र सौंपते हुए परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को रखने का आग्रह किया है। अपने पत्र में उन्होंने शहर की पुरानी थाना मार्ग का नामकरण ÷संत रविदास मार्ग÷ करने का सुझाव दिया है। इसी प्रकार अन्य सड़कों के लिए निम्नलिखित नाम प्रस्तावित किए गए हैं- कॉलेज रोड का नाम ÷माँ शक्ति पथ मार्ग÷मटिया रोड का नाम ÷भक्त माता कर्मा मार्ग करियाटोला मार्ग का नाम ÷बूढ़ादेवमार्ग÷ सेवताटोला-जामसरार रोड का नाम ÷गुरु घासीदास मार्ग÷ सदर लाइन मार्ग का नाम ÷आचार्य विद्यासागर मार्ग÷करने का प्रस्ताव रखा है श्री गुप्ता का मानना है कि इन नामों के जरिए न केवल स्थानीय जनता को अपने महापुरुषों और समाज के प्रेरणास्रोत व्यक्तित्वों की स्मृति बनी रहेगी, बल्कि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से भी जोड़ने का अवसर मिलेगा। नगर पंचायत परिषद की अगली बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है, जिसके बाद इसे पारित कर प्रशासनिक मंजूरी के लिए भेजा जाएगा ।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 26 मई।** सेक्टर 27 ब्लाक 46 राखी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चिंतानंद साहू 34 वर्ष सेक्टर 28 ब्लाक 46 राखी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएच 2236 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान के काउंटर से आई फोन पार

**रायपुर, 26 मई।** लोटस इलेक्ट्रॉनिक दुकान के काउंटर से अज्ञात चोर ने आईफोन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवेन्द्र देवांगन 38 वर्ष लोटस इलेक्ट्रॉनिक दुकान न्यू राजेन्द्र का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके दुकान के काउंटर में रखे आईफोन को पार कर दिया। चोरी गए आईफोन की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 26 मई।** गंज व तेलीबांधा थाना पुलिस ने अवैध गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 13 किलो 975 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने तेलघानी नाका चौक के पास आरोपी दीनेश ए.एल. 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 11 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने जल विहार कालोनी के पास आरोपी हिना गोपाल 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### ईएसडीएस करेगी 600 करोड़ रुपये का निवेश

# रायपुर में जल्द स्थापित होगा देश का अत्याधुनिक एआई डेटा सेंटर

**रायपुर 26 मई।** छत्तीसगढ़ देश के डिजिटल परिदृश्य में बड़ा कदम रखने जा रहा है। रायपुर में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए टेक्नोलॉजी कंपनी ESDS Software Solution Ltd ने 600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री से नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात के दौरान कंपनी के चेयरमैन श्री पीयूष सोमानी और उपाध्यक्ष श्री लोकेश शर्मा ने कहा कि यह सेंटर न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारत के डिजिटल भविष्य को गति देगा। इस प्रस्ताव के माध्यम से छत्तीसगढ़ को AI, क्लाउड टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल स्टोरेज के क्षेत्र में अग्रणी



राज्य बनाने की दिशा में ठोस पहल होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, ÷डिजिटल इंडिया की भावना को छत्तीसगढ़ में धरातल पर उतारने के लिए यह निवेश मील का पत्थर साबित होगा। सरकार हरसंभव सहायता देगी ताकि यह परियोजना जल्द से जल्द मूर्तरूप ले।

ESDS की यह पहल छत्तीसगढ़ को एक टेक्नोलॉजी हब बनाने के साथ-साथ युवाओं के लिए उच्च स्तरीय रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। यह सेंटर राज्य के IT इकोसिस्टम को मजबूती देगा और डिजिटल आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी ।

## स्टेट बैंक के ग्राहक सुविधा केन्द्र से 30 हजार नगदी सहित लैपटाप की चोरी

■ सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, मामला- ग्राम पंचायत मुरमुंदा का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 26 मई।** जनपद क्षेत्र के बड़े ग्राम पंचायत मुरमुंदा के शासकीय स्टेट बैंक के ग्राहक सुविधा केन्द्र से अज्ञात चोरों के द्वारा नगदी 30 हजार सहित कार्य में प्रयोग लाने जाने वाले लैपटॉप की चोरी का मामला प्रकाश में आते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोग कहने मजबूर हो गए कि जब बैंक के संस्थान ही सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों के घरों की क्या सुरक्षा होगी जो पुलिस की गस्ती पेट्रोलिग पार्टी के ऊपर सवाल खड़े करते नजर आ रही है. वही पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया जाता है कि प्रार्थी संतोष साहू पिता पन्नालाल उम्र 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम मुरमुंदा स्टेट बैंक के सामने स्वयं का स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र का संचालन करता हूं और 15 मई 2025 को शाम लगभग 05 बजे मैं अपने ग्राहक सेवा केन्द्र को बंद कर घर चला गया था व 19 मई 2025 को सुबह लगभग 9.30 बजे ग्राहक सेवा केन्द्र मुरमुंदा आकर देखा तो ग्राहक सेवा केन्द्र में रखे ष्ठश्वरूकंपनी का लेपटाप पुराना कीमती 10 हजार रूपये एवं ड्राज में रखे नगदी रकम 30 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले गया है के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हूं। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध बीएनएस 305, बीएनएस 331(4) के तहत मामला विवेचना में लेकर पतासाजी में लिया गया है. वही प्रार्थी संतोष साहू निवासी ग्राम नागरकोहरा पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया ने बताया कि 17 मई दिन शनिवार को लगभग शाम 5.00 बजे अपने ग्राहक सेवा केन्द्र को बंद कर घर चला गया था और अगले दिन रविवार होने से दुकान बंद था और 19 मई सोमवार को सुबह घर से ग्राहक सेवा केन्द्र मुरमुंदा आकर देखा तो वेंटीलेशन में रस्सी लटका हुआ था।

## निष्कासन अनुचित, पार्टी संशोधन करे वरना होगा विरोध: शुक्ला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 26 मई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के पूर्व प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला ने अपने निष्कासन को लेकर पार्टी पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन साहू को एक पत्र प्रेषित कर निष्कासन प्रक्रिया को 'अनुचित व अपमानजनक' बताया है और तत्काल संशोधन की मांग की है। रवि शुक्ला ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि उन्होंने पहले ही स्वेच्छा से पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, ऐसे में उनके ऊपर निष्कासन की कार्रवाई करना न केवल नियम विरुद्ध है बल्कि यह उन्हें व्यक्तिगत रूप से अपमानित करने



जैसा है। उन्होंने पत्र में लिखा, इस्तीफा देने के बाद किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इस्तीफा देना पार्टी के निर्णयों और कार्यशैली के प्रति असहमति का प्रतीक है, न कि अनुशासनहीनता का। शुक्ला ने चेतावनी दी है कि यदि पार्टी अपने निर्णय में सुधार करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं करती, तो वे सार्वजनिक रूप से विरोध करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल व्यक्तिगत सम्मान का नहीं बल्कि संगठनात्मक मर्यादाओं और प्रक्रियागत अनुशासन का भी है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक बैठक में रवि शुक्ला को पार्टी से निष्कासित किए जाने का निर्णय लिया गया था।

## 31 मई को मनाई जाएगी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती

**रायपुर, 26 मई।** राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती 31 मई 2025 के परिपेक्ष्य में नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार और जोन 4 जोन कमिश्नर के मार्गदर्शन में नगर निगम जोन 4 की टीम द्वारा आज जोन 4 के अंतर्गत पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड नम्बर 34 के क्षेत्र के अंतर्गत राजातालाब कैनाल लींकिंग रोड के किनारे लोटस अस्पताल के समीप स्थित राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की मूर्ति स्थल की विशेष सफाई अभियानपूर्वक करवाते हुए उनकी मूर्ति पर ससम्मान माल्यार्पण किया। अहिल्या बाई होल्कर इंदौर के राजघराने के बहु थी जिन्होंने बचपन से ही अपनी कुशाग्र बुद्धि और धर्म के प्रति लगाव से लोगों का दिल जीत लिया था, अहिल्या बाई होल्कर ने सोमनाथ में भगवान की शिव लिंग की नए सिरे से स्थापना करवाई थी। देश में बनारस तथा अन्य स्थानों पर कई मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया था। इंदौर के पास महेश्वर में में भी उन्होंने शिव मंदिर स्थापित किया था, वे अपने न्याय प्रियता के लिए जानी जाती हैं।

■ मूर्ति स्थल की साफ-सफाई की गई

## शहीद उदय मुदलियार को योगेंद्र वैष्णव ने श्रद्धांजलि अर्पित की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 26 मई।** समीस्थल ग्राम पंचायत धमानसराय में झीरम घाटी में शहीद राजनांदगांव के पूर्व विधायक एवं शहीद उदय मुदलियार को शहादत दिवस के रूप में ग्राम पंचायत भवन में संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी योगेंद्र दास वैष्णव के नेतृत्व में श्रदाजंली सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया गया जिसमें शहिद उदय मुदलियार जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर सभा आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच गौरी कृत लाल पटेल उप सरपंच भगवानी निषाद पंच चुममन निषाद अलख राम पटेल ओमप्रकाश पटेल विनोद पटेल सहित ग्राम के गामान्य नागरिक उपस्थित रहा योगेंद्र दास वैष्णव ने शहीद उदय मुदलियार के विकास बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया ग्राम पंचायत धामनसरा डोगरगाँव तहसील के अंतर्गत आता था जिसमें अपने विधायकी कार्यकाल में 23 गांव को डोंगरगांव से हटाकर राजनांदगांव तहसील ब्लाक में जोड़ा गया तथा सुगम सड़क योजना के तहत धामनसरा को आवा गमन के साधन को पक्की सड़क का निर्माण तथा किसानो को पानी सुविथा के लिए चांदो डायवर्सन नहर को अपने विधायकी कार्यकाल में सौगात दिया तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धामनसरा में उन्होंने अपने कार्यकाल में दिया।

# ब्लॉक कांग्रेस डोंगरगांव की दो जिला पंचायत सदस्यों की निष्कासन की कार्रवाई हास्यास्पद : महेंद्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया, 26 मई।** जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री महेंद्र यादव ने एक जारी बयान में कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव में आयोजित 24/5/2025 के बैठक में विधायक दलेश्वर साहू की उपस्थिति एवं दबाव में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू द्वारा लिए गए निर्णय व प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला पंचायत के तीन बार के सदस्य महेंद्र यादव व विभा साहू के ऊपर निष्कासन की कार्यवाही सहित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव की निंदा की है।वह इसलिए की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को जिला पंचायत सदस्य को निष्कासित करने का अधिकार नहीं है और इनका निष्कासन हो भी कैसे सकता है इन दोनों ने तो जिला पंचायत में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्णय पर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव लड़े हैं। और महेंद्र यादव एवं विभा साहू जिला पंचायत सदस्य के साथ-साथ जिला एवं प्रदेश के भी पदाधिकारी हैं। और भागवत साहू तो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं तो अपने ही अध्यक्ष के खिलाफ ब्लॉक अध्यक्ष कैसे निंदा प्रस्ताव कर सकता है। जिला पंचायत सदस्यों का निष्कासन तो जिला या फिर प्रदेश से होती। श्री यादव ने बताया कि यह सब खेल विधायक जी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कंधे पर रखकर खेला जा रहा है वह इसलिए की महेंद्र यादव एवं विभा साहू ने विधायक के भरपूर विरोध के बावजूद जनता जनार्दन के आशीर्वाद से अपने क्षेत्र में भारी बहुमत से चुनाव जीत कर आए हैं।और विधायक दलेश्वर साहू ने तो इन दोनों प्रत्याशियों को अधिकृत करने पर जिला कांग्रेस कमेटी के बैठक में एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष धरने पर बैठने की धमकी भी दिए थे।और इनको अधिकृत करने पर और अपने प्रत्याशियों को जिताकर नहीं लाने पर इस्तीफा देने की बात भी कहीं गई थी। श्री यादव ने कहा कि चुनाव 3 महीने बीत चुके हैं और उनके प्रत्याशी बुरी तरह हार भी गए हैं ।पर अभी तक विधायक जी इस्तीफा नहीं दिए है। यादव ने कहा लोकसभा चुनाव में भी जब इस प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी चुनाव लड़े तो विधायक जी अपने फार्म हाउस से बाहर नहीं निकले और भूपेश बघेल जी 17000 से डोंगरगांव विधानसभा में हार गए। इसी तरह नगर पंचायत डोंगरगांव,एवं नगर पंचायत लाल बहादुर नगर,जिला पंचायत,जनपद पंचायत के चुनाव में भी उनके सारे प्रत्याशी बुरी तरीके से हार गए। श्री यादव ने आगे कहा की जो डोंगरगांव कांग्रेस का गढ़ माना जाता था उस गढ़ की विधायक ने इतनी दुर्दशा कर दिए जिनकी वजह से सभी चुनाव में हार का सामना करना पड़ रहा है।कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है जब कोई कार्यकर्ता काम लेकर जाए तो उन्हें एक ही शब्द कहा जाता है मेरी तो सरकार नहीं है।जब सरकार में भी थे तो कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं दिए बेइज्जती करके करके भेज दिए जाते थे जिनके अनेकों उदाहरण है और तुम्हारे गांव में वोट नहीं मिला है तुम्हारे गांव में कोई काम नहीं दूंगा ऐसी बर्ताव आज भी कार्यकर्ताओं के साथ उनके द्वारा की जाती है। यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में भी अगर विधायक ने अपना व्यवहार नहीं सुधारे तो आने वाले चुनाव में दीए लेकर ढूंढने में भी कार्यकर्ता नहीं मिलेंगे इतनी दुर्गति कांग्रेस पार्टी की विधायक जी ने करके रख दी है।



## संपादकीय


# लंबा युध्द होता तो चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाते क्या.......

दुश्मन को जब दुश्मन समझा जाता है तो उससे दुश्मन की तरह पेश आया जाता है। वह थोड़ा सा नुकसान पहुंचाता है तो उसे दस गुना ज्यादा नुकसान पहुंचाने की सोच होनी चाहिए। जब तक यह सोच नहीं होगी तब तक दुश्मन से निपटना आसान नहीं होता है।पीएम मोदी को सत्ता संभालने के पांच साल में ही समझ आ गया था कि पाकिस्तान भारत का ऐसा दुश्मन है जो जब मौका मिलेगा भारत को किसी न किसी तरह नुकसान जरूर पहुंचाएगा। उसके पीछे खड़े देश खुद को सीधे भारत को नुकसान नहीं पहुंचा सकते तो वह पाकिस्तान का उपयोग करते हैं भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए, भारत को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने से रोकने के लिए। ऐसे देश पाकिस्तान की आर्थिक रूप से, सैन्य रूप से सहायता करते रहते हैं ताकि पाकिस्तान भारत को किसी न किसी रूप से नुकसान पहुंचाता रहे और पाकिस्तान भारत को उकसाता रहे और भारत पाकिस्तान के उकसाने पर पाकिस्तान पर हमला कर दे और भारत व पाक के बीच लंबा युध्द चले, दोनों महीनों तक लड़े। इससे पाकिस्तान को तो नुकसान होता, भारत को ज्यादा नुकसान होता क्योंकि इससे भारत आर्थिक रूप से कमजोर होता और वह जो कुछ दिनों बाद दुनिया की चौथी इकानामी बनने वाला था, नहीं बन पाता। भारत दुनिया की चौथी इकानामी बन गया है, इसकी घोषणा नीति आयोग के सीईओ सुब्रमण्यम ने नीति आयोग की गवर्निंग कौंसिल की दसवीं बैठक में कर दी है। उन्होंने कहा है कि ग्लोबल व इकोनामिक माहौल अनुकूल बना हुआ है और मै जब बोल रहा हूं,तब हम दुनिया की चौथी इकानामी बन चुके हैं।आज हम ४००० अरब डालर की इकानामी बन चुके है। अगर पीएम मोदी ने समझदारी से काम नहीं लिया होता और पाकिस्तान के पहलगाम की घटना को अंजाम के बाद देश के लोगों विपक्ष की मांग को देखते हुए पाकिसतान पर हमला कर दिया होता तो आज हम पाकिस्तान के साथ युध्द लड़ते हुए हमको एक माह हो गया होता। युद्ध होता तो क्या होता जितना निवेश भारत आ रहा है, वह नही आता, एपल जैसीं कंपनिया भारत में निवेश नही करती। चीन तो शुरू से चाहता था कि भारत में निवेश के लिए बड़ी कंपनियां न जाएं, उसने कभी खुलकर नहीं कहा लेकिन पाकिस्तान के जरिए भारत को युध्द में उलझाकर वह ऐसा ही चाहता था।अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी पीएम मोदी के दवाब में नहीं आने पर खुलकर भारत के विरोध मे आ गए और एपल कंपनी के मालिक को सीधा कह दिया कि वह एपल का निर्माण भारत में न करे बल्कि अमरीका में करे।अगर कंपनी एपल का निर्माण भारत मे करेगा तो २५ प्रतिशत टैक्स लगा देंगे। यह सब धमकी इसीलिए की भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था न बन सके। लेकिन पीएम मोदी ठंडे दिमाग के नेता है, उन्होंने यह सोचा की देश का भला किसमें है। लंबे युध्द में या आपरेशन सिंदूर में। १५ दिन में उन्होंने सोचा और तय किया कि महीनों के युध्द से तो देश को बहुत नुकसान हो सकता है, अर्थव्यवस्था कमजोर हो सकती है और इस नुकसान की भरपाई में कई दशक लगेंगे तो उन्होंने पाकिस्तान के साथ लंबे युध्द की जगह आपरेशन सिंदूर चलाने का फैसला किया। पाकिस्तान सहित दुनिया के सभी देशो का बता दिया था कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करेगा। उसने एक दिन पाकिस्तान स्थित आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया और साफ कर दिया कि यह हमला पाकिस्तान व पाकिस्तान के लोगों पर नहीं था। इस तरह पहलगाम का बदला भी हो गया और पाकिस्तान पर हमला नहीं करना पड़ा। यानी भारत ने एक दिन में ही जो करना था कर दिया। पाकिस्तान को बता दिया, आतंकी भारत पर हमला करेगे तो पाकिस्तान उनको अब बचा नहीं सकता। भारत पाकिस्तान में आतंकियों के जितने ठिकानें हैं सब नष्ट कर सकता है। भारत ने पाकिस्तान के सामने लाल लाइन खींच दी दी पाकिस्तान की तरफ से कोई भी आतंकी या सैन्य कार्रवाई की गई तो भारत उसे एक्ट आफ वार मानेगा। यानी गेंद पाकिस्तान के पाले में थी और वह कुछ भी करता तो भारत को जवाब देने का अधिकार होता। चीन व अमरीका के उकसावे में पाकिस्तान ने भारत पह हमला किया, जवाब में भारत ने जब कार्रवाई की तो तीन दिन में पाकिस्तान घुटनों में आ गया, पाकिस्तान को बहुत नुकसान हो गया तो चीन व अमरीका को समझ आ गया कि अभी पाकिस्तान को बचाना जरूरी है, इसलिए अमरीका ने भारत से अनुरोध किया कि वह सैन्य कार्रवाई रोके, भारत ने अमरीका से दो टूक कहा कि आपके कहने पर सैन्य कार्रवाई नहीं रुकेगी, पाकिस्तान फोन करके कहे सैन्य कार्रवाई रोकने को भारत रुक सकता है। भारत ने सैन्य कार्रवाई रोकी तो पाकिस्तान के कहने पर क्योंकि वह खुद नहीं चाहता था कि पाकिस्तान के साथ लंबी लड़ाई हो, लेकिन उसने यह भी साफ कर दिया है कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रुकी है लेकिन आपरेशन सिंदूर जारी है वह तब तक जारी रहेगा जब तक पाकिस्तान में आतंकवादी है,उनके मुख्यालय हैं। इसी के साथ भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तो रोक दी है लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ कई दूसरे मोर्चे खोल दिए है, पाकिस्तान को आतंकवादी की पनाहगाह बताने के लिए देश से सात प्रतिनिधिमंडल ३३ देशों को भेजे गए है जो दुनिया को बताएंगे कि पाकिस्तान कोई पीड़ित देश नहीं है, वह तो भारत सहित विश्व के लिए खतरा है क्योकि वह अपने यहां आतंकियों का प्रशिक्षण देता है और दूसरे देशो में आतंक फैलाने के लिए भेजता है. अमरीका तथा संयुक्त राष्ट्र के घोषित आतंकियों को अपने यहां शरण देता है। दुनिया के मोस्ट वांटेड आतंकी लादेन को पाकिस्तान ने ही शरण दी थी। पाकिस्तान को किसी भी तरह की मदद देने का मतलब है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों की मदद करना है। पाकिस्तान की मदद तो अमरीका व चीन हर तरह से करते रहेंगे ताकि भारत के सामने वह खडा़ रह सके। लेकिन वह पाकिस्तान को आर्थिक रूप से मजबूत देश तो नहीं बना सकते। भारत अपनी कोशिशों से आर्थिक रूप से मजबूत देश बना है और आज चौथे स्थान पर पहुंच चुका है तो आने वाले दिनों में तीसरे स्थान पर भी पहुंच सकता है। मोदी का लक्ष्य भारत को पाकिस्तान से लड़ने वाला देश नहीं बनाना है, पाकिस्तान का नामोनिशान मिटाने वाला देश बनाना है। इसके लिए जरूरी है कि पाकिस्तान को आर्थिक रूप इतना कमजोर कर दिया जाए कि वह भारत से लड़ने की सोच नहीं सके। इसके लिए जो भी संभव है, वह भारत कर रहा है। आईएमएफ में उसने पाकिस्तान को पैसा देने का विरोध किया है, आगे भी करेगा। दूसरे देशों से भी कहेगा कि वह पाकिस्तान को पैसा देने का विरोध करें। भारत ने व्यापार पहले ही बंद कर दिया है, भारत पाकिस्तान के क्रिकेट मैच से पाकिस्तान को करोडो़ की कमाई होती है तो भारत ने फैसला किया है कि भारत अब आईसीसी टूर्नामिंट के ग्रुप चरण में पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा। बीसीसीआई का निर्णय देशहित में लिया गया निर्णय है। पीएम मोदी ने तो साफ कर दिया है कि टेरर ट्रेड, टेरर टाक, टेरर क्रिकेट नहीं चलेगा पानी और खून एक साथ नही बहेगा। पानी वाला दांव तो ऐसा है कि इसकी भरपाई चीन व अमरीका भी नहीं कर सकते। वह पानी नहीं दे सकते। न ही वह पाकिस्तान को पानी खरीदकर दे सकते हैं। पाकिस्तान को पानी के लिए भारत की शरण में आना पड़ेगा।आतंकवाद से तौबा करनी पड़ेगी। पानी बंद करके पीएम मोदी ने पाकिस्तान की नाक में नकेल डाल दी है, इस नकेल का उपयोग भारत आज तो कर ही रहा है आने वाले दिनों में दूसरे पीएम भी कर सकेंगे।

## आतंकवाद

# नीति नीयत सब नापाक, फिर भी कहिये 'पाकिस्तान' ?

तनवीर जाफ़री



स्वतंत्रता पूर्व 1941 में ब्रिटिश हुकूमत द्वारा कराई गयी भारत की जनगणना के अनुसार अविभाजित भारत की कुल जनसंख्या लगभग 39-40 करोड़ थी। जिसमें मुस्लिम आबादी लगभग 24-25% थी । इस आधार पर अविभाजित भारत में मुस्लिम जनसंख्या लगभग 9.5 से 10 करोड़ के आसपास थी। 1947 के विभाजन के समय भारत की कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 35-40% हिस्सा पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान (1971 के बाद का बांग्लादेश ) चला गया। जिन भारतीय राज्यों के अधिकांश मुस्लिम भारत छोड़कर गये उनमें ख़ासतौर से पंजाब, सिंध, और उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत जैसे क्षेत्रों के मुस्लिम शामिल थे। पूर्वी बंगाल या पूर्वी पाकिस्तान में पहले से ही मुस्लिम बहुसंख्यक थे, इसलिए वहां अपेक्षाकृत कम प्रवास हुआ। विभाजन के समय मुस्लिम आबादी का लगभग 60-65% हिस्सा भारत में ही रह गया। भारत में ही रहने का फ़ैसला करने वाले अधिकांश मुस्लिम ख़ास तौर से उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश व कई दक्षिणी राज्यों के थे। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के समय जो प्रक्रिया अपनाये गयी वह अत्यंत हिंसक और अव्यवस्थित थी जिसमें सभी धर्मों के लाखों लोग मारे गये। बहरहाल, कहने को तो भारत से विभाजित होकर पाकिस्तान का गठन विश्व के सबसे बड़े मुस्लिम राष्ट्र निर्माण जैसे दुःस्वप्न को लेकर किया गया था। इसी मुहिम के अंतर्गत 1943 में उर्दू शायर असग़र सौदाई ने यह नारा लिखा था -'पाकिस्तान का मतलब क्या है, 'ला इलाहा इल्ललल्लाह'। यह नारा हालांकि उस समय मुस्लिम लीग द्वारा अपनाया गया था परन्तु आज वहां कि न केवल अनेक कट्टरपंथी धार्मिक पार्टियाँ बल्कि वहाँ पनाह पा रहे अनेक आतंकी संगठन भी समय समय पर इस नारे का इस्तेमाल करते हैं। परन्तु यदि हम पाकिस्तान के गठन की घोषित मंशा और इस्लामी कलमे को पाकिस्तान के नाम के साथ इस्तेमाल करने की हक़ीक़त को देखें तो हमें सब कुछ उल्टा नज़र आता है। हक़ीक़त तो यह है कि पाकिस्तान ने अपने वजूद में आते ही सिवाय नफ़रत,हिंसा,क्षेत्रवाद,फ़िरक़ा परस्ती,भ्रष्टाचार,अल्पसंख्यकों पर ज़ुल्म व आतंकवाद के सिवा दुनिया को कुछ दिया ही नहीं। अन्यथा प्रकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण 1971 से पहले के इस भूभाग को आज दुनिया में आर्थिक व राजनैतिक रूप से इतना कमज़ोर व अलग थलग न रहना पड़ता। पाकिस्तान की सत्ता एक तरफ़ तो पाकिस्तान का मतलब ला इलाहा इल्ललल्लाह बताते हैं दूसरी तरफ़ इसी देश की सेना लगभग 30 लाख बंगाली मुसलमानों की हत्या कर देती है। जब पाकिस्तान ला इलाहा इल्ललल्लाह के नारे के साथ अलग हुआ तो क्या कारण था कि बांग्लादेश का गठन यानी क्षेत्रवाद इस्लामी नारे पर भारी पड़ गया? यह आख़िर कैसा इस्लाम है तो कैसा ला इलाहा इल्लल लाह? इसी पाकिस्तान पर 40 लाख अफ़ग़ानी मुसलमानों का आरोप है। और इसी 'अल्लाह वाली ' पाकिस्तानी सेना पर दो लाख से अधिक बलूचों की हत्या का भी इलज़ाम है ? आरोप तो यह भी है कि पाकिस्तानी सेना बलूच लोगों के घरों में आग लगाती है, उनके खेतों और बाग़ों को नष्ट करती है, और बलोची युवाओं को अपहृत कर उनकी आंखें, दिल, और गुर्दे जैसे अंग बेच देती है। क्या यही पाकिस्तान के अस्तित्व में आने का मक़सद था ? आज पाकिस्तान पर बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना द्वारा "जातीय सफ़ाया" और "नरसंहार" करने जैसा संगीन इलज़ाम है। ज़ियाउलहक़ के शासनकाल में उर्दन में 10 हज़ार फ़िलिस्तीनी एक ही रात में मारने का आरोप इसी पेशेवर पाक सेना पर है। यह कैसा इस्लामी देश है ? इसी पाकिस्तान पर भारतीय कश्मीर में गत छः दशकों से आतंकवाद व अशांति फैलाने का आरोप है। भारत में जगह जगह आतंकवादी हमले कराने जैसा अमानवीय व ग़ैर इस्लामी काम पाकिस्तान करता रहा है। मस्जिदों से लेकर दरगाहों,इमामबारगाहों व धार्मिक जुलूसों पर आत्मघाती हमले करने वाले हमलावरों की पैदावार तैय्यार करने वाला पाकिस्तान जब यह कहे कि पाकिस्तान का मतलब,ला इलाहा इल्ललल्लाह,तो इससे बढ़कर अफ़सोसनाक व शर्मनाक बात और क्या हो सकती है ? इसी नफ़रत की सियासत ने ज़ुल्फ़िक़ार अली भुट्टो को फांसी के फंदे तक पहुंचा दिया। कल पाकिस्तान ने जिन तालिबानों की सरपरस्ती की थी वही आज पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बन चुके हैं। अफ़ग़ानिस्तान में भी चार लाख लोगों की हत्या का इलज़ाम पाकिस्तान पर है। कहना ग़लत नहीं होगा कि स्वयं को लाइलाहा इल्लल्लाह का झंडाबरदार बताने वाले पाकिस्तान जैसे देश ने जितने मुसलमानों की हत्या की उतनी हत्याएं किसी अन्य मुस्लिम राष्ट्र ने नहीं की । उसके बावजूद बड़ा आश्चर्य होता है जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर आज भी द्विराष्ट्र सिद्धांत की बात को दोहराते हुए हिंदू और मुसलमान को जीवन के हर पहलू में भिन्न बताते हैं। यदि हिन्दू मुसलमानों से भिन्न हैं तो बंगाली मुसलमान तो एक थे ? शिया,अहमदिया,बरेलवी तो ला इलाहा इल्ललल्लाह कहते हैं ? इनके प्रति क्या व्यवहार है पाकिस्तानी सत्ता व सेना का ? यदि पाकिस्तान की नीयत में खोट न होती तो 1971 जैसा ऐतिहासिक अपमान पाकिस्तानी सेना को सहन न करना पड़ता। आज दुनिया में पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद के केंद्र के रूप में हो चुकी है। उसके बाद तुर्रा यह कि भारत जैसे पड़ोसी देश को परमाणु हमले की धमकी देता रहता है। भारत में धार्मिक उन्माद फैलाने के नित्य नए हथकंडे अपनाता है। हक़ीक़त तो यह है कि भारत में हिंदू और मुसलमान उतने भिन्न नहीं हैं जितने कि पाकिस्तान में मुसलमानों के ही विभिन्न वर्ग 'ला इलाहा इल्लल अल्लाह' कहने वालों के ही दुश्मन बने हुए हैं। यह सच है कि दक्षिणपंथी विचारधारा के दल आज सत्ता में हैं परन्तु फिर भी महात्मा गाँधी का यह देश यहाँ के बहुसंख्य हिन्दू समाज के चलते तथा भारतीय संविधान की वजह से आज भी दुनिया का सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। 1947 के पहले भी समग्र भारतीय मुसलमानों ने किसी मुसलमान को अपना नेता स्वीकार नहीं किया और आज भी यहाँ के मुसलमान देश के विभिन्न धर्मनिरपेक्ष दलों को अपना समर्थन देते हैं।

मुसलमानों पर आने वाले किसी भी संकट के समय भारतीय धर्मनिरपेक्ष हिन्दू व सिख सभी उनके साथ खड़े होते हैं। ख़ुद अटल बिहारी वाजपेयी कह चुके हैं कि भारत की धर्मनिरपेक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या भाजपा जैसे संगठनों के कारण नहीं, बल्कि हिंदू समुदाय की सहिष्णु और समावेशी प्रकृति के कारण बनी हुई है। गोया वर्तमान समय में अनेक संकटों के बावजूद भारत, मुसलमानों के लिये सबसे सुरक्षित देश है। यहाँ कुछ भी हुआ हो परन्तु ऑपरेशन लाल मस्जिद जैसी घटना कभी नहीं घटी। इसलिए आज का सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस देश की नीति और नीयत सब कुछ 'नापाक' हो फिर भी उसे 'पाकिस्तान ' कहना कितना मुनासिब होगा ?

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने कामों में तेजी से आगे बढ़ेंगे। आर्थिक मामलों में आपको ध्यान देना होगा। आप किसी बात को लेकर जिद व अहंकार ना दिखाएं। आप अपनी कला व कौशल से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। रचनात्मक कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी से किए हुए वादे को भी समय रहते पूरा करना होगा। आप अपने व्यापार में कुछ योजनाओं में बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने आवश्यक कामों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको कुछ नए लोगों पर जल्दी भरोसा करने से बचना होगा। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य और साहस से निपटने की आवश्यकता है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करने से पहले उसके नियमों का पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने डेली रूटीन को बेहतर करने की कोशिश करें। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिल सकता है। जिसमें आप पुराने गिले शिकवे ना उखाड़ें।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। आप अपनी अच्छे सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपके बॉस से आपको कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें। आप अपने घर किसी नये इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। माता जी की सेहत में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोगी सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। पुण्य कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपका आत्मविश्वास भी खूब बढ़ेगा। आपकी पद व प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। मित्रों का आप पर पूरा समर्थन बना रहेगा। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने वाले लोगों को दिल खोलकर निवेश करने से अच्छा लाभ मिलेगा। आपको किसी दूर रहे परिजन से निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ दिखाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पकड़कर चलने की आवश्यकता है, तभी आपके काम पूरे होंगे। पारिवारिक सुख और शांति बनी रहेगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हो सकती है। आपको किसी के कहने में आकर धन लगाने से बचना होगा। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको कार्यक्षेत्र में छोटो की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। आप अपने माता-पिता से कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपका धन को लेकर कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। नौकरीपेशा लोग कामों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको आक्रोश में आकर कोई बात करने से बचना होगा। खर्चों पर आपको पूरा ध्यान देने की आवश्कता है। आपका आत्मविश्वास मजबूत रहने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ छुटकारा मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य को पकड़कर चलने के लिए रहेगा। बड़ों का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आध्यात्म के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थी किसी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आप मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको कुछ ईर्ष्यालु व झगड़ालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। भूमि और वाहन की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। दान-धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपने मन में सामंजस्यता की भावना बनाए रखनी होगी। आप बड़ों से किसी बात को लेकर जिद और अहंकार ना दिखाएं।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाकर रखने की आवश्यकता है। आप अपने घर के रिनोवेशन को कराने की भी प्लानिंग कर सकते हैं। संतान को पढ़ाई के लिए आप कहीं बाहर भेज सकते हैं। आपको अपनी सेहत में लापरवाही करने से बचना होगा।


**मीन** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे लोगों को इस महीने कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको किसी बड़े लक्ष्य पर फोकस करके चलने की आवश्यकता है। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी।

## गंभीर मुद्दा

# नशे के अपराध का अंधेरा बर्बाद होती नई नस्ल

संजीव ठाकुर, स्तंभकार

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं।वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र पंजाब और अन्य राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते।केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं।उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है।



# बदलते युग का नया तमाशा: संस्कारों की सिसकियाँ

प्रियंका सौरभ

कभी सामाजिक डर और परिवार की इज्जत की चिंता बेटियों की निगरानी का आधार हुआ करती थी। ये वो दौर था जब बेटी की सादगी, उसके रहन-सहन पर कड़ी नजर रखी जाती थी। मोहल्ले के चौपाल में सबसे बड़ा मुद्दा यही होता था कि "लड़की भाग गई," जैसे कोई बड़ी दुर्दशा हुई हो। आज का जमाना अलग है। आज तकनीक और आज़ादी के ज़माने में चौकसी की दिशा ही बदल चुकी है। अब निगाहें बेटियों पर नहीं, बल्कि दादी, सास, भाभी, और काकी पर टिक गई हैं। यही नहीं, अब "कौन भागा?" यह सवाल बेटियों के लिए नहीं, बल्कि घर की "अनुभवी महिलाओं" के लिए बन गया है। यह नया सामाजिक हकीकत है, जिसमें हंसी-ठिठोली के बीच गंभीर सवाल भी छिपे हैं।

**कुंवारी नहीं, कुलवधुएँ फरार हैं!**-एक समय था जब समाज में कुंवारी लड़कियों का भागना गंभीर मामला माना जाता था। वह भागना कहीं कोई भटकाव नहीं, बल्कि "इज्जत" का संकट होता था। माँ-बाप, रिश्तेदार, मोहल्ला — हर कोई इसी चर्चा में मशगूल रहता। पर आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आज बेटियाँ करियर बना रही हैं, आत्मनिर्भर बन रही हैं। पढ़ाई, नौकरी, प्रतियोगिता की भागदौड़ में उनकी "भागना" के मायने ही बदल गए हैं। मगर घर की "अनुभवी महिलाएँ" — यानी माँ, भाभी, काकी, दादी — व्हाट्सएप पर "मिसिंग यू माई सनशाइन" के स्टेटस लगाकर, 'लोकेशन ऑफ' कर फ़िक्र से दूर कहीं निकल जाती हैं। कहीं बाहर घूमने, दोस्तों से मिलने, तो कहीं नए-नए 'फ्लर्ट' की खोज में। यह स्थिति देखना है तो बहुत ही हास्यास्पद और एक बार सोचने पर चिंताजनक भी है। जो पीढ़ी संस्कारों की किताबें पढ़ाकर लड़कियों को संभालती थी, वही अब खुद संस्कारों को नया अर्थ दे रही है।

**चारित्रिक उलटफेर का युग**-वह दौर याद करें जब "संस्कार" का मतलब था संयम, पाबंदी, और परम्परागत नैतिकता। आज की दादी इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपनी फोटो शेयर करती है, योगा के बजाय 'यार' के साथ मिलने चली जाती है। भाभी सिर्फ पारिवारिक रीति-रिवाज नहीं निभाती, बल्कि 'लीडर' की तरह अपने दोस्ती और डेटिंग लाइफ को सेलिब्रेट करती है। इन सब बदलावों में परंपराओं का टूटना या फिर उनका नया अवतार — दोनों ही बातें सच हैं। जो पीढ़ी नैतिकता का फण्डामेंटल थी, आज वही 'गुप्त चैटिंग', 'सीक्रेट ट्रिप्स' और 'मोडर्न फ्रेंडशिप' के बीच उलझी हुई दिखती है।

**पुरुषों की निगरानी पर स्त्रियों का 'रिवर्स स्ट्राइक'**-पुराने समय में परिवार और समाज में पुरुषों का नियंत्रण और निगरानी महिलाओं पर केंद्रित थी। पति, भाई, पिता के लिए महिलाओं की गतिविधियाँ सबसे महत्वपूर्ण होती थीं। मोबाइल नहीं था तो आंखों की चौकसी, गुप्त बातचीत की जांच। आज की पीढ़ी में यह संतुलन पलट गया है। पति अब मोबाइल पासवर्ड छिपाने के बजाय पूछते हैं — "तुमने किसका मैसेज डिलीट किया?" बेटा घबराकर सोचता है, "माँ कहीं प्यार में तो नहीं पड़ गई?" यानी अब पुरुष भी 'निगरानी' की जाल में फंसे हैं। यह 'रिवर्स स्ट्राइक' कई बार घर के माहौल को कंफ्यूज़िंग बना देती है। यह वही घर है जहां रिश्तों की पाबंदी होती थी, आज वही रिश्ते 'टेक्स्टिंग फ्रिक्वेंसी', 'लोकेशन शेयरिंग', और 'वीडियो कॉल' की पकड़ में हैं।

**नई पीढ़ी की जिम्मेदारी बनाम पुरानी की आज़ादी**-जिस बेटी की जिंदगी कभी पहरेदारी का विषय होती थी, आज वही बेटी घर की हर छोटी-बड़ी जिम्मेदारी निभा रही है। EMI के किस्ते से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक, हर घर की 'संचालन' में वह लगी हुई है। और घर की बुजुर्ग महिलाएँ — सास 'वेलनेस रिट्रीट' पर हैं, दादी 'रील' बनाती हैं और सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। जीवन में आज़ादी का मतलब बदल गया है — अब 'फ्रीडम' की परिभाषा पुराने संस्कारों से हटकर सोशल मीडिया और डिजिटल दोस्ती तक सीमित है।

**रिश्तों की दिशा बदल रही है**-रिश्ते अब उम्र, जाति, या सामाजिक स्तर से नहीं, बल्कि 'इच्छा' और 'संपर्क की आवृत्ति' से जुड़ते हैं। पहले रिश्ते स्थायी होते थे, अब 'टेक्स्टिंग फ्रिक्वेंसी', 'इमोशनल स्टेटस' और 'लास्ट सीन ऑन/ऑफ' ही रिश्तों की डिग्री तय करते हैं। स बदलाव में परिवार के मूल्यों की भी धज्जियां उड़ रही हैं। माता-पिता की भूमिका एक गाइड की बजाय 'फ्रेंड' की हो गई है। घर के अंदर अब बेटियों की नहीं, दादियों की निगरानी ज़रूरी हो गई है। यह एक विचित्र सामाजिक उलझन है, जो हमारी 'आज़ादी' और 'संस्कार' की जुगलबंदी को समझने पर मजबूर करती है।

**तकनीकः विकल्प या भ्रम?**-तकनीक ने जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ रिश्तों को जटिल भी किया है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स ने संवाद के नए ज़रिया दिए, मगर वे पारिवारिक नज़दीकियों में दूरी भी लाए। जहाँ पहले चाय की प्याली के साथ घंटों बैठकर बातें होती थीं, आज वही बातचीत 'डबल क्लिक' और 'डिलीट' बटन के बीच सीमित हो गई है। इसके चलते रिश्तों की स्थिरता कम, उलझनें ज़्यादा बढ़ीं।

**सामाजिक विडंबना और नया यथार्थ**-इस सारे बदलाव का सबसे बड़ा असर यह है कि समाज की पुरानी धारणा — जहां बेटियों की इज्जत और व्यवहार को केंद्र माना जाता था — अब धुंधली पड़ गई है। अब एक 'अधिकृत' सवाल यह है कि क्या बेटी भागी है या दादी? क्या परिवार में बेटियों के लिए पहले जैसी पाबंदी रह गई है? या अब 'जिम्मेदार' और 'आजाद' महिलाएं अपनी जगह ले चुकी हैं? यह सवाल हँसी के साथ-साथ सामाजिक चिंतन का विषय भी है। आज के समय में रिश्ते, परिवार और नैतिकता के नए मायने तलाशने होंगे। यह समाज की व्यंग्यात्मक तस्वीर हमें हँसाती है, पर साथ ही गंभीर सोच पर मजबूर भी करती है। क्या यह बदलाव आज़ादी का जश्न है, या रिश्तों का पतन? क्या तकनीक ने हमारे विकल्प बढ़ाए हैं, या भ्रम फैला दिया है? और सबसे अहम — अब जब कोई भागे, तो नाम पूछने से पहले बस इतना पूछिए — "उसका लास्ट सीन ऑन था या ऑफ?"

# श्रीनिवास मद्दी पहुंचे दंतेवाड़ा, माईजी का लिया आशीर्वाद





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ झीरम घटना में शहीद महेंद्र कर्मा के गृहग्राम में दी श्रद्धांजलि

दंतेवाड़ा, 26 मई। वरिष्ठ भाजपा नेता, दंतेवाड़ा जिला संगठन प्रभारी एवं स्टेट ब्रेवरेज कारपोरेशन छ. ग. शासन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद प्रथम बार रविवार को माँ दंतेश्वरी के पूजन व दर्शन हेतु दंतेवाड़ा पहुँचे । श्री मद्दी जी के आगमन पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के द्वारा गर्म जोशी से गीदम व दंतेवाड़ा में उनका स्वागत किया गया। श्रीनिवास मद्दी जी ने माँ दंतेश्वरी के पूजन व दर्शन आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। माता के दर्शन उपरांत वे ग्राम फरसपाल जाकर झिरम हमले में शहीद बस्तर टाइगर स्व0 महेंद्र कर्मा एवं अन्य दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की । उन्होंने दंतेवाड़ा पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओ के साथ संगठनात्मक बैठक भी किया।

इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता सहित अन्य सभी भाजपा के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## एक नजर

### चाइल्ड लाइन 1098 में भर्ती प्रक्रिया के लिए दावा-आपत्ति 28 मई तक

दंतेवाड़ा, 26 मई। कार्यालय महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकरी अनुसार मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई (चाईल्ड लाइन 1098) में रिक्त 04 पदों की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत दावा-आपत्ति की सूचना जारी की गई है। उक्त पदों के लिए पूर्व में संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके अंतर्गत जिला स्तर पर दिनांक 27 दिसंबर 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।इसके अलावा प्राप्त आवेदनों की विभागीय समिति द्वारा स्क्रूटनी की गई है एवं मूल्यांकन समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत अब दावा-आपत्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 22 मई 2025 से 28 मई 2025 तक अपने लिखित दावा-आपत्ति आवेदन पत्र संबंधित प्रमाणपत्रों के साथ जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, कक्ष क्रमांक 231 में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही दावा-आपत्ति सूची का अवलोकन दंतेवाड़ा जिले की आधिकारिक वेबसाइट तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने किया लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन



जगदलपुर, 26 मई। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने गरावण्ड़खुर्द में लाखों के विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने गरावण्ड़खुर्द में सीसी सड़क निर्माण कुम्हरावंड मुख्य मार्ग से कलचा सीमा तक 500 मीटर लागत 16.25 लाख रूपए एवं महारा पारा आंतरिक गली में 500 मीटर सीसी सड़क निर्माण लागत 16.25 लाख रूपए के विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार के बनने के बाद प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं, जनता को मूलभूत सुविधाएं देना हमारा दायित्व है। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में लगातार विकास की बयार बह रही है। गरावण्ड़खुर्द में सीसी रोड की मांग क्षेत्र की जनता ने वर्षों से मांग रखा था। क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप आज सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। सड़क,नाली,पेयजल, शिक्षा, विधुत व अन्य सुविधाओं को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र में कार्य किया जायेगा। सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। विकास अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिन्दु साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप,विद्याशरण तिवारी, हरि साहू, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, संरपंच लछनदई बधेल,महादेव बाकडे,उप सरपंच मोहन सेठिया,राजेश शर्मा, सीमांचल दास,महादेव बधेल, रूपेश समरथ,लक्ष्मीधरत, विकास पात्रों,एवं क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस उपस्थित थे।

# सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

■ वट वृक्ष को रक्षासूत्र बांधकर सौभाग्यवती होने का मांगा ाआशीर्वाद

■ पति की लंबी आयु के लिए रखा निर्जला व्रत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





दंतेवाड़ा, 26 मई। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या पर आज सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु की कामना कर वट सावित्री की पूजा की। वट पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष में श्रृंगार सामग्री अर्पित कर अपने सुहाग की सलामती एवं उनके लंबी उम्र की कामना की और निर्जला व्रत रखा। वट सावित्री की पूजा दंतेवाड़ा समेत आसपास क्षेत्रों में भी पूरे विधि विधान के साथ किया गया।

वट सावित्री की पूजा आज शहर भर में महिलाओं ने धूमधाम से की। यह हिन्दु स्त्रियों का एक महत्वपूर्ण व्रत है। इस दिन सत्यवान, सावित्री तथा यमराज की पूजा की जाने की परंपरा है। 26 मई को ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या पर आज वट सावित्री पूजा के पावन अवसर पर निर्जला व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति के दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करते हुए वट वृक्ष याने बरगद के पेड़ की पूजा की। एक पौराणिक कथा के अनुसार सत्यवान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नि सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाकर उसे पुनर्जीवित किया था। इसके बाद से उसके नाम पर वट सावित्री की पूजा होने लगी। आज के दिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे मिट्टी की बनी सावित्री और सत्यवान तथा भैंसे पर सवार यम की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करती हैं। वट की जड़ में पानी दिया जाता है। पूजा में पुष्प, रोली, कच्चा सूत, भिगोया चना, फूल तथा धूप का इस्तेमाल किया जाता है। महिलाएं जल से वट वृक्ष को सींचकर तने के चारों ओर कच्च धागा लपेटते हुए वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा करती है। तत्पश्चात वृक्ष के नीचे बैठकर सत्यवान व सावित्री की कथा सुनी जाती है। वट सावित्री के शुभ अवसर पर आज नगर भर में सुहागिन महिलाओं ने अपने आसपास के वट वृक्षों में पूजा अर्चना की। पूजा करने ट्राईवल कालोनी स्थित विशाल वट वृक्ष के नीचे महिलाओं की काफी भीड़ लगी रही। शुभ मूहूर्त पर सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा की। दंतेवाड़ा समेत गीदम, बारसूर, नकुलनार, बचेली, किरंदुल व कटेकल्याण में भी सुहागिनों ने धुमधाम के साथ वट-सावित्री की पूजा की।

# दो अलग-अलग मुठभेड़ में मारे गए दोनों माओवादियों की पहचान हुई

■ भारी संख्या में गोला बारूद बरामद

■ मुठभेड़ स्थल पर मिले खून के धब्बे और घसीटने के निशान से और नक्सलियों के घायल होने की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



सुकमा, 26 मई। मुठभेड़ में मारे गए दोनों नक्सलियों की पहचान सीपीआई (माओवादी) के एरिया कमेटी मेंबर के रूप में हुई है। मुठभेड़ स्थल के सर्चिंग में मिले खून के धब्बे घसीटने के निशान से और भी माओवादियों के मारे जाने एवं गंभीर रूप से घायल होने की हैं संभावना। प्रतिबंधित और अवैध माओवादी संगठन के सदस्यों को पुलिस कि चेतावनी हैं कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो जाएं, अन्यथा अपने शीर्ष कमांडर बसाराजू की तरह भयावह अंत के लिए तैयार रहें। पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण द्वारा बताया गया कि जिला सुकमा के थाना किस्टाराम क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति के आसूचना पर 22 मई 2025 को जिला सुकमा डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए थे। अभियान के दौरान 22 मई 2025 के शाम 06 बजे से पेसलपाड़ क्षेत्र में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग हुई। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि जिला बीजापुर एवं सुकमा के सरहदी क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी सुकमा, एसटीएफ एवं कोबरा 210, 208 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान 22 मई 2025 के सुबह थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत तुमरेल के जंगल में [illegible] बटालियन नम्बर 01 के माओवादियों एवं पुलिस पार्टी के बीच मुठभेड़ हुई। तुमरेल मुठभेड़ मुठभेड़ स्थल में सर्च कार्रवाई के दौरान 12 बोर बंदूक- जिंदा राउण्ड, एसएलआर के मेग्जीन- जिंदा राउण्ड- खाली खोखे, हेंड ग्रेनेड, रेडियो सेट विस्फोटक, माओवादी वर्दी, बैनर, पाम्पलेट, नक्सली साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया।

### रेलवे सलाहकार समिति सदस्य बनी अलका



डोंगरगढ़, 26 मई। वार्ड न 08 की पूर्व पार्षद अलका जयेश सहारे को, फिर से एक बार रेलवे सलाहकार समिति, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ,नागपुर डिविजन का सदस्य बनाया गया है । ज्ञात हो की पूर्व में अपने कार्यकाल के दौरान शासन की केंद्र एवं राज्य की योजना अंतर्गत ,शिक्षा, स्वास्थ्य सामाजिक, मूलभूत सुविधा ,पे जल सुविधा, अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र /स्कूल भवन /आंगनबाड़ी भवन/ सामाजिक भवन /पेयजल संबंधित पाइपलाइन पानी टंकी विस्तार /महिला घाट /रोड /नाली /बिजली विद्युत पोल एवं अन्य कई कार्य राज्य शासन एवं केंद्र शासन से करोड़ों रुपए स्वीकृत कराकर किया गया था जिसे देखते हुए नागपुर रेलवे बोर्ड के द्वारा पुनः सदस्य ,सलाहकार समिति ,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का बनाया गया जिस शहर के गण मान्य के द्वारा अलका जयेश सहारे को बधाई देते खुशी जाहिर की है.

# कांग्रेसी नेताओं की आंतरिक गुटबाज़ी का परिणाम था झीरम हमला

■ केंद्रीय गृह मंत्री व छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बस्तर सांसद करेंगे झीरम मामले के सच को उजागर करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर, 26 मई। झीरम कांड की बरसी पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने इस हमले में शहीद सभी पुण्यात्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने इस दौरान पीसीसी चीफ श्री दीपक बैज के द्वारा दिये गए एक बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि पीसीसी चीफ हर जगह राजनीति की दुकान चला रहे है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री डॉ रमन सिंह जी को क्रूर शासक बताने से पहले पीसीसी चीफ को अपने पार्टी के गिरेबान में झांक लेना चाहिए। कश्यप ने कहा कि झीरम कांड के दौरान जब प्रदेश कांग्रेस के बडे नेताओ की प्राण नक्सलियों द्वारा ली गयी तब इस हमले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा बचकर एक मोटरसाइकिल से वहां से निकल जाते जो कि इस कांड में लिप्त होने की ओर इशारा करता है। कांग्रेस नेताओं की आंतरिक गुटबाजी का परिणाम यह झीरम कांड दर्शाता है। इस हमले में कांग्रेस के एक गुट के पूरे नेताओ को मौत के घाट उतार दिया गया तो वही दूसरे गुट के नेताओ पर नक्सलियों ने हमदर्दी क्यों दिखाई ? यह कही ना कही इस ओर दर्शाती है कि कांग्रेस नेताओं के इशारे पर यह कांड का षड्यंत्र रचा गया था। इस कांड में संदिग्ध भूमिका में नजर आने वाले पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा का नार्को टेस्ट होना चाहिए। कवासी लखमा के अनेको माओवादियों से सांठगांठ का भेद भी खुलना चाहिए जिससे कि कांग्रेस की चाल चरित्र सामने आ सके।पीसीसी चीफ दीपक बैज इस कांड में शामिल अपने चहेते को बचाने हेतु इस प्रकार की ओल झोल बयान ना दे। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि इस कांड का मास्टरमाइंड शामिल नक्सली गगन्ना उर्फ बासवराजू को भाजपा सरकार में जवानों ने मार गिराया है। आगे इस कांड की सच्चाई भी हम जनता के सामने लायेंगे। डबल इंजन सरकार में झीरम कांड की सच्चाई जनता के सामने ला कर इस कांड में लिप्त गुनहगारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाकर झीरम हमले में अपने प्राणों की आहूति देने वाले सभी शहीदों को श्रद्धांजलि मिलेगीं। जगदलपुर के झीरम मेमोरियल को अपने कार्यकाल में बनाने वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घोटाला करते हुए उस शहीदों के स्मारक तक को नही बख्सा है।

# जिले के 156 ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगाए जाएंगे शिविर

■ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विभाग प्रमुखों को शिविर के सफल संचालन तथा और ग्रामीणों को योजनाओं से शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण करने के दिए निर्देश



■ 15 से 30 जून तक शिविरों का आयोजन

दंतेवाड़ा, 26 मई। दंतेवाड़ा जिले के जनजाति ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं को ग्रामीणों की आवश्यकता अनुसार बेहतर स्वरूप एवं जमीनी क्रियान्वयन को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के 156 ग्राम को इस अभियान में शामिल किया गया है। इनमें विकासखण्ड दंतेवाड़ा के 34, गीदम के 42, कटेकल्याण के 51 एवं कुआकोंडा के 29 शामिल है। इन ब्लॉकों के 156 ग्रामों में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समन्वित कार्य योजना बनाकर सभी विभागों ने कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविर में ग्रामीणों को 17 विभागों की योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों को संबंधित विभागों के योजनाएं जैसे पक्के घर - (प्रधानमंत्री आवास योजना)- ग्रामीण, संपर्क सड़क (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना), जल आपूर्ति-जल जीवन मिशन सामुदायिक नल नल,घरों का विद्युतीकरण, नई सौर ऊर्जा योजना (ऑफ-ग्रिड सोलर), मोबाइल चिकित्सा इकाइयाँ (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, एलपीजी कनेक्शन -(प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना), आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना - पोषण अभियान, 1000 छात्रावास,पोषण वाटिकाएँ - राष्ट्रीय आयुष मिशन, यूएसओएफ भारत नेट,स्किल इंडिया मिशन (मौजूदा योजनाएं) प्रस्ताव, डिजिटल पहल, सतत कृषि को बढ़ावा - कृषि और किसान कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाएं, मछली पालन सहायता - प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना , पशुधन पालन - राष्ट्रीय पशुधन मिशन, क्षमता निर्माण-राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, ट्राइबल होम स्टे-स्वदेश दर्शन और पीएमएएजीवाय से लाभान्वित किया जाएगा।

**कलेक्टर ने ग्रामीणों से इन शिविर अधिक से अधिक संख्या भागीदारी करने का किया आग्रह**-कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने 15 जून 2025 से लगने वाले संतृप्तिकरण शिविर का बेहतर एवं सुचारू क्रियान्वयन करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। साथ ही धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अपने गांवों के समग्र विकास के लिए ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि इस अभियान के तहत गांव की स्थानीय जरूरतों के हिसाब से विकास योजनाओं को बनाने, उनका संचालन करने और उसमें आने वाली समस्याओं को नियमानुसार सुलझाने के लिए इन शिविरों में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी है।

## समाचार संक्षेप

### सांस्कृतिक एवं कौशल विकास की गतिविधियों में जुटे विद्यार्थी



■ पीएमश्री विद्यालय कोंटा में समर कैंप आयोजित

सुकमा, 26 मई। जिला प्रशासन सुकमा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के रचनात्मकता और प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से पीएमश्री विद्यालय कोंटा में समर कैंप का आयोजन 15 मई से 25 मई तक आयोजित किया गया। पी एम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय कोंटा में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी श्रीनिवास के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। दस दिवसीय समर कैम्प में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। विद्यालय के प्रचार्य श्री बी एल औरसा के नेतृत्व में यह शिविर 15 से 25 मई तक आयोजित किया गया, जिसमे बच्चों ने नृत्य, गायन, वादन, मूर्तिकला, कबाड़ से जुगाड़, रंगोली, चित्र कला, संगीत, योगा, खेलकूद, स्पोकन इंग्लिश आदि विभिन्न प्रकार के कला और शिक्षा ग्रहण करते हुए रुचिपूर्वक सहभागिता निभाया। समापन समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए उनके द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के कलाकृतियों को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर नियमों का पालन करने की अपील की




दंतेवाड़ा, 26 मई। आज शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बैंक, स्कूल, मन्दिर, मार्केट, छात्रावास, खेल ग्राउंड आदि सभी जगहों पर यातायात नियमों से संबंधित प्रिंटेड बेनर पोस्टर चस्पा कर यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर रही है। यातायात प्रभारी दंतेवाड़ा ने आज फिर से एक नई पहल निजात कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने अपील कर रही है। कभी लोगों को इकठ्ठा कर समझाईश देकर, कभी गुलाब फूल देकर, कभी चालानी कार्यवाही कर, कभी व्यापारी बंधुओं फूल देकर निवेदन कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय के निर्देश पर यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने में लगातार नित नये-नये कदम उठाये जा रहे हैं उन्होंने किसी भी प्रकार से कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रोज कुछ न कुछ नई तरकीब लाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने में लगे हुए हैं ताकि सभी यातायात नियमों का पालन करें और रोड एक्सीडेंट में कमी आये और जान माल का नुकसान न हो। क्योंकि आये दिन एक्सीडेंट हो रही है जिससे किसी न किसी के घर का चिराग बुझ जा रहा है और उनके जाने के बाद परिवार का बुरा हाल हो जाता है, कई घरों में ये स्थिति आ जाती है कि उनके घरों में चूल्हा भी नही जल पाता।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने झीरम पहुंच शहीदों को श्रद्धांजलि दी



जगदलपुर, 26 मई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव एवं भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दरभा जनपद पंचायत के झीरम धटना स्थल पहुंच शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। 12 वर्ष पूर्व 25 मई 2013 झीरम में माओवादियों द्वारा हमले में तत्कालीन शीर्ष नेतागणों एवं सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुयी थी । आज झीरम धटना स्थल पहुंच कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने श्रद्धांजलि अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान महापौर श्री संजय पांडे,भाजपा जिला अध्यक्ष श्री वेदप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, विद्याशरण तिवारी,रुपसिंह मंडावी, योगेन्द्र पांडे, दरभा मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संतोष बधेल, अनंतराम कश्यप,पूरन कश्यप, फूलसिंह सेठिया, संरपंच विध्नेस्वर बाकड़े, धमेंद्र ठाकुर, दौलत श्रीवास्तव,मनीराम,प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी,राजेश श्रीवास्तव, गोविंद ईनाणी, नरेन्द्र पानीग्राही आदि उपस्तिथ थे।

### पार्षद जाहिद हुसैन ने किया मंदिर द्वार पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन



■ वार्ड की प्रत्येक समस्याओं का निराकरण व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता

जगदलपुर, 26 मई। आज नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जगदलपुर शहर के प्रवीर वार्ड क्रमांक-01 में वार्ड पार्षद व शहर जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन व महापौर संजय पांडे के द्वारा लक्ष्मीनारायण मंदिर द्वार पर पुलिया के निर्माण कार्य का पार्षद निधि से भूमिपूजन किया गया। इस भूमिपूजन में मुख्य रूप से निगम अध्यक्ष श्री खेमसिंह देवांगन,लोक निर्माण के सभापति श्री निर्मल पानीग्राही,स्वच्छता सभापति श्री लक्ष्मण झा,निगम आयुक्त श्री प्रवीण वर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। प्रवीर वार्ड पार्षद जाहिद हुसैन ने कहा वार्ड की प्रत्येक समस्याओं का निराकरण करना व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता है..वार्ड को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। आगे भी वार्ड के विकास को लेकर हमेशा कृतसंकल्प रहूंगा।

# कांग्रेसियों ने संविधान बचाओ रैली निकालकर दी झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 26 मई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कुरुद नगर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद, भखारा व मगरलोड द्वारा विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली निकाली गई व शहादत दिवस मनाते हुए झीरम के शहीदो को कारगिल चौक में स्थित स्मारक में छाया चित्र के समाने दीप प्रज्ज्वलित किये।इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि देश में केन्द्र सरकार द्वारा संविधान को अनदेखा किया जा रहा है। विपक्ष के आवाज को दबाने की कोशिश, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, दलित, शोषित व पिछड़ों के अधिकारो से वंचित किया जा रहा है। कांग्रेसीयो ने झीरम के शहीदो को नमन करते हुए कहा कि आज के दिन हिंदुस्तान के इतिहास का सबसे काला दिन था। नक्सलियों ने घेर कर हमारे शीर्ष नेतृत्व विद्या चरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा सहित तीस से अधिक साथियों को शहीद कर दिये।आज तक हत्या के साजिश कर्ता व गुनाहगारो का पर्दाफाश नहीं हो पाया जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कुरूद अध्यक्ष आशीष शर्मा, भखारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व आयोग उपाध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी चन्द्राकर, जिला उपाध्यक्ष भरत नाहर, , पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्रर साहू, बसंत साहू, प्रमोद साहू, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, रवि शर्मा, रामा साहू, गीता राम सिन्हा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष व पार्षद देवव्रत साहू, युंका ब्लाक अध्यक्ष व पार्षद डुमेश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भखारा विनोद साहू, पार्षद मनीष साहू, अर्जुन ध्रुव, गिरिश साहू, तोषण साहू, पप्पू राजपूत, कृष्ण कुमार साहू, रविन्द्र साहू, हितेंद्र केला, शत्रुघन साहू, रामचंद्र साहू, तुकेश साहू, रुद्र नाथ साहू, युवराज साहू, संतोष प्रजापति, खेलन साहू, उमेश साहू, भागवत यादव, मुकेश यादव, पंकज जोशी, तुलसी राम साहू, पप्पू शर्मा, उमेश कंडरा, मेघनाद साहू, बिट्टू गौर, एवन साहू, झुमुक साहू, दिलिप साहू, जीवन यादव, चन्द्रभान साहू, सहित अनेक कांग्रेसी गण उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

# विधायक अजय चन्द्रकार ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 26 मई।** ग्राम चरमुड़िया के आई टी आई पारा में निर्मित नवीन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का लोकार्पण आज मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर द्वारा रिबन काटकर किया गया, लोकार्पण के पूर्व भारत माता व संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर लोकार्पण कार्यक्रम की विधिवत शुरुवात की गई, लोकार्पण कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ग्राम पंचायत चरमुड़िया की सरपंच नीतू तेजेन्द्र तोडेकर ने बताया कि हमारे ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र क्रांक 2 का निर्माण मनरेगा, आई सी डी एस एवं डी एम अभिसरण से किया गया है जिसकी लागत लगभग 12 लाख है आंगनबाड़ी का डिवाइन इस बार विभाग द्वारा बड़े आकर्षक रूप से किया गया है इस आंगनबाड़ी का निर्माण जिला कलेक्टर, आर ई एस व मनरेगा के कर्मचारियों व अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया है आंगनबाड़ी का यह मॉडल अत्यंत ही आकर्षक है स्थानीय विधायक चंद्राकर ने अंडनबाड़ी डिज़ाइन की प्रशंसा की साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक चरमुड़िया में विकास कार्य की कोई कमी नहीं हुई है और आगे भी यहाँ विकास कार्य निरंतर किया जाएगा साथ ही नए रेलवेस्टेशन में अवागमन के लिए ब्रिज का निर्माण जल्द कराया जाएगा चंद्राकर ने विभाग ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि चरमुड़िया में विकास कार्यो की कोई कमी नहीं की है भविष्य में भी ग्राम में कई निर्माण कार्य कराये जाने है कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच नीतू तेजेंद्र तोडेकर, विशिष्ट अतिथि हरिशंकर सोनवानी, उपसरपंच सुरेन्द्र जोशी व वार्ड पंच गुरुदेव महिपाल, सतीश निर्मलकर, लक्ष्मी कंदरा, चूकेश्वरी साहू, सरस्वती पटेल, यशोदा ध्रुव, ईश्वर पटेल, मोतिम साहू, कविता तोडेकर, हरिश्चंद्र जांगड़े, लक्ष्मण भारती, दुर्गा जोशी, इंद्रजीत साहू, भुनेश्वरी साहू, डैमिन जोशी, भुनेश्वरी निर्मलकर, दामिनी साहू, दुर्गेश्वरी सुनील ध्रुव, एम भवानी पटनायक पंचायत सचिव मन्नू मांडले, रोजगार सहायक अमरौतीन गेंद्रे, तरुण टंडन व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बीजापुर से दो हज यात्री हज के लिए रवाना



**बीजापुर, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इस्लाम में पांच फ़र्ज़ों में एक फ़र्ज़ हज भी है। इस फ़र्ज़ को पूरा करने के लिए इस वर्ष बीजापुर से दो हज यात्री मक्का शरीफहज के पूरे अरकान को अदा करने के लिए रवाना हुए। बीजापुर के वरिष्ठ पत्रकार मो याकूब खान की अहिल्या (पत्नी)जुलेखा खातून और उनके पुत्र मो मतीन खान के बीजापुर से रवानगी के मौके पर उनके रिश्तेदारों, जमात के लोगों ने खुशनुमा माहौल में उनका इस्तकबाल कर रवाना किया। हज यात्रियों का दल नागपुर से जद्दा के लिए रवाना होगा। रवानगी के समय सभी ने हज के दौरान खाश दुआ की गुज़ारिश की।

### घर के सामने शराब पीने से मना करने पर दी जान से मारने की धमकी, दो गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी नोहर एवं मोहनीश वर्मा द्वारा उसके घर के सामने आते हैं तथा शराब सेवन करते हैं। दिनांक 9 अप्रैल को भी लगभग 07:00 बजे यह दोनों शराब का सेवन कर रहे थे। तब प्रार्थिया एवं उसके पति द्वारा उन्हें मना किया गया, जिस पर आरोपियों द्वारा उसके घर अंदर प्रार्थिया एवं उसके पति को जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली गलौज किया गया तथा उसके पति के साथ मारपीट भी किया गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 354/2025 धारा 331, 296, 351, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांज एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी मोहनीश वर्मा एवं नोहर कुमार निर्मलकर को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थिया एवं उसके पति के साथ घर अंदर अश्लील गाली गलौज कर, उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना स्वीकार किया गया।

### दिव्यांगजनों क़ो मिले सहायक उपकरण

**बलौदाबाजार, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण के साथ ही हितग्राहियो क़ो उपकरण प्रदाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 एवं 22 मई क़ो दिव्यांगजनों क़ो सहायक उपकरण प्रदान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सुहेला आरती यादव, भाटापारा के ग्राम मोपकी अघन सिंग ध्रुव को कृत्रिम अंग प्रदाय किया गया। भाटापारा से करन सेन, ग्राम मरदा से उमेश दिवाकर को व्हील चेयर, रोहांसी से कौशिल्या साहू को ट्राईसिकल, विकासखण्ड कसडोल के ग्राम पुटपुरा से प्रतीक साहू को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। इसीतरह जनपद पंचायत सिमगा के सामाधान शिविर में विक्रम साहू तुलाराम साहू, कोदईया निषाद, ग्राम बुड़गहन के बजरहीन ध्रुव को छड़ी एवं बलौदाबाजार निवासी त्रिभुवन सेन, हरदयाल सिंह ध्रुव को व्हीलचेयर वितरण किया गया।

## वित्त मंत्री ने 1 करोड़ से अधिक लागत के दो कार्यों का किया भूमिपूजन

# रायगढ़ के विकास को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए हम समर्पित होकर कर रहे कामः चौधरी

- वार्ड क्रमांक-28 में सहस्त्रबाहु प्रतिमा का अनावरण शीघ्र
- पंचतत्व उद्यान में नवग्रह एवं एक्यूप्रेशर तकनीक का होगा विकास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 26 मई।** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज रायगढ़ शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में 1 करोड़ 93 लाख 14 हजार रुपये की लागत से 2 कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 1 करोड़ 63 लाख 79 हजार रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 27 में पंचतत्व उद्यान विकास कार्य एवं 29 लाख 35 हजार रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 28 में सहस्त्रबाहु चौक निर्माण कार्य शामिल है।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास का हम अध्ययन करें तो कलार समाज का बड़ा योगदान सामने आता है। छत्तीसगढ़ में हम बस्तर के सुदूर अंचलों में भी जाते है तो कलचुरियों की बहुत सारी यादें, उनका समृद्ध इतिहास और स्मृतियां हमें दिखाई देती है। इतिहास में उनके योगदान का स्मरण करना और उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि वार्ड क्रमांक 28 में जल्द सहस्त्रबाहु की मूर्ति स्थापित होगी। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बहुत जल्द ही यह काम पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कलार समाज को 20 लाख रुपए की सौगात भी दी। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि सभी मिलकर अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपना योगदान दें। पूरे रायगढ़ के विकास को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए हमें समर्पित होकर काम करना है।

महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के नेतृत्व में रायगढ़ शहर के चारों ओर विकास हो रहे है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी शहर की सोच से पहले ही विकास के कार्यों को गति दे रहे हैं। शहर में प्रदेश के सबसे बड़े नालंदा परिसर, दो ऑक्सीजोन सहित सड़क निर्माण, विभिन्न सामाजिक संगठनों के भवन निर्माण, सहित विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं, जो विकास की गति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और ज्यादा कार्य शहर के लिए होंगे। इस दौरान सभापति डिग्री लाल साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अरूणधर दीवान, गुरूपाल भल्ला, उमेश अग्रवाल, श्रीकांत सोमावार, सुरेश गोयल, विवेक रंजन सिन्हा, पंकज कंकरवाल, आशीष ताम्रकार, कौशलेश मिश्रा, श्रीमती पूनम सोलंकी, मुक्तिनाथ बबुआ, सलीम नियारिया, त्रिवेणी डहरे, अक्षय कुलदीप, विजय कुमार जायसवाल, दिनेश जायसवाल, शैलेश माली, संजय अग्रवाल, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, उपायुक्त सुतीक्षण यादव सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

### पंचतत्व उद्यान में नवग्रह एवं एक्यूप्रेशर तकनीक का होगा विकास

01 करोड़ 63 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से कलेक्टोरेट के सामने पंचतत्व उद्यान का विकास होगा। पंचतत्व उद्यान के इनर सर्कल में नौ ग्रहों को प्रदर्शित करने वाले 9 अलग-अलग पौधे लगाए जाएंगे। जो बाद में वृक्ष का रूप लेंगे। यह ग्रह मानव शरीर का निर्माण करने वाले पंचतत्व वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी और आकाश को दर्शाती है। इसमें आंकडा सूर्य का प्रतिनिधित्व करता है। इसी तरह पलाश चंद्र का, खैर मंगल, अपामार्ग बुद्ध, पीपल गुरु, चंदन राहु, शमी शनि, अश्वगंधा केतु, डुमर शुक्र यह सभी पौधे पंचतत्व गार्डन में लगाए जाएंगे। उद्यान के आउटडोर सर्किल में आठ अलग-अलग प्रकार के एक्यूप्रेशर तत्वों का प्रयोग किया जाएगा। इसमें अलग-अलग तरह के स्टोन, रेत मिट्टी, पेड़ की छली, पानी आदि होंगे। एक्यूप्रेशर एक प्राचीन तकनीक है, जिसका उपयोग कई तरह की बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। इसमें तनाव, अनिद्रा, पाचन, दर्द, थकान, ब्लड सर्कुलेशन, माइग्रेन, मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत व अन्य फायदे हैं। इसी तरह ओपन जीम भी होगा, जिसमें शहरवासी व्यायाम कर सकेंगे।

# संकरी में 25 लाख की लागत से बनेगा सीसी रोड, राजस्व मंत्री ने किया भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मई।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत संकरी के भारत माता चौक में सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ग्राम संकरी में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत लगभग 25 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड सह नाली का निर्माण होगा।

कार्यकम क़ो सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजना लागू किया है और योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है जिससे लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठा है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में पंजीयन के लिये फ़िर से पोर्टल खुलेगा जिससे छूटे हुए हितग्राहियो क़ो लाभ मिलेगा। हमारी सरकाऱ जनसुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, जनपद अध्यक्ष सिमगा दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य मोहन लाल वर्मा, जनपद सदस्य नर्मदा साहु, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सरपंच कविता वर्मा, सुनीता वर्मा, हेमंत बघमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सुरक्षित मातृत्व एक अधिकार है सुविधा नहीं

- हर मां की जिंदगी की रक्षा हमारा सामूहिक कर्तव्य है



बीजापुर 25 मई 2025- प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत बीजापुर जिले में सफ्ल स्वास्थ्य जांच शिविर 125 गर्भवती महिलाओं की जांच, 47 उच्च जोखिम गर्भावस्था मामलों की पहचान बीजापुर, जो कि एक अत्यधिक संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराना एवं मातृ-शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी सुनिश्चित करना है।

अभियान के दौरान कुल 125 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 47 महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भावस्था श्रेणी में चिन्हित किया गया। इन मामलों में प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा विशेष परामर्श एवं आवश्यक उपचार प्रदान किया गया ताकि मातृत्व संबंधी जटिलताओं को समय रहते रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, 80 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड परीक्षण भी किया गया, जिसने गर्भावस्था के दौरान उत्पन्न संभावित जटिलताओं की शीघ्र पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस संवेदनशील क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन स्थानीय प्रशासन एवं चिकित्सा टीमों के समर्पित प्रयासों से यह संभव हुआ। HRP मामलों की समय पर पहचान और प्रभावी प्रबंधन से मातृत्व संबंधी जटिलताओं को सफ्लतापूर्वक रोका जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रत्येक महिला, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में रहती हो, सुरक्षित मातृत्व का अधिकार प्राप्त कर सके।

इस अभियान की सफ्लता में कलेक्टर संबित मिश्रा का महत्वपूर्ण नेतृत्व रहा, जिन्होंने प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित किया। सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, ने अभियान के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता में सहायता प्रदान की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. आर. पुजारी के निर्देशन में स्वास्थ्य जांच के सभी पहलुओं को कुशलता से प्रबंधित किया गया, जबकि डॉ. रत्ना ठाकुर, सिविल सर्जन ने चिकित्सा दल का मार्गदर्शन करते हुए गर्भवती महिलाओं को व्यक्तिगत परामर्श और उपचार प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, डॉ. आदित्य साहू, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने मातृत्व संबंधी जटिलताओं के प्रबंधन में महत्वपूर्ण सलाह एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। डॉ. देवेन्द्र मोरला, रेडियोलॉजिस्ट ने अल्ट्रासाउंड परीक्षण को सफ्लतापूर्वक निष्पादित कर उच्च जोखिम मामलों की पहचान में मदद की। इस अभियान को सफ्ल बनाने में अस्पताल के समस्त स्टाफ का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिन्होंने अपने समर्पण और कड़ी मेहनत से मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराया। जिला चिकित्सालय का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. आर. पुजारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक वरुण साहू, और सुश्री मानसी ताटपल्ली द्वारा किया गया।

# समाधान शिविर में 246 बुजर्गो का बना आयुष्मान वय वंदन कार्ड



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मई।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर समाधान शिविरों में चिकित्सा स्टाफ द्वारा आमजन की स्वास्थ्य जाँच के अतिरिक्त 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदन कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। शिविर में अब तक 246 ऐसे कार्ड बनाये जा चुके हैं। जो लोग शिविर में किसी अशक्तता के कारण नहीं पहुँच पाए उनके घर जा के भी कार्ड बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने अपील करते हुए कहा है कि जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जा कर बनवा लें ताकि शासन की इस योजना का लाभ मिल सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बने आयुष्मान वय वंदन कार्ड के माध्यम से 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा लाभ प्राप्त होता है। इससे सम्बद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार कराया जा सकता है। इसमें पुरानी बीमारी का भी उपचार होता है। वर्तमान में जिले में ऐसे 14 सम्बद्ध अस्पताल हैं जो इसका लाभ दे रहे हैं। यह लाभ हर वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त होता है।स्वास्थ्य केंद्रों में रूटीन कार्यो के तहत पूर्व की तरह कार्ड बनना सतत रूप से ज़ारी है।इस बारे में और अधिक जानकारी हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अथवा टोल फ्री नंबर 104 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने झीरम घाटी शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# कांग्रेसियों ने बलिदानियों को नमन कर किया उनके योगदान को याद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 26 मई।** जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय बीजापुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को याद किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा, झीरम घाटी के शहीदों ने लोकतंत्र और समाज सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। यह सभा झीरम घाटी हमले की बरसी पर आयोजित की गई, जिसमें 25 मई 2013 को नक्सलियों ने कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला किया था, जिसमें कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शहीद हो गए थे। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला पंचायत बीजापुर के पूर्व अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य बोधी ताती, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी प्रवीण डोंगरे, पुरुषोत्तम सल्लूर, ज्योति कुमार, हरेंद्र मांझी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बलराम कोरसा और लक्ष्मण कड़ती सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झीरम घाटी में मारे गये कांग्रेस के नेताओं को भाजपा पदाधिकारियों ने जय स्तम्भ चौक में दी श्रदांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 26 मई।** झीरम हत्याकांड की बारहवीं बरसी पर आज शाम 6ःबजे बीजापुर के जय स्तम्भ चौक पहुंचकर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा झीरमकांड में शहीदों को श्रदांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मीनट का मौन धारण किया गया। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा 25 मई 2013 को जो झीरम कांड हुआ था कायराना घटना हुआ था।जिसमें छत्तीसगढ़ के राजनेता, जवान शहीद हुए थे ये छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। आज पूरा प्रदेश श्रदांजलि अर्पित कर रहा है। हम इस पूरी घटना की निदा करते हुए बस्तर टाइगर स्व.महेंद्र कर्मा सहित सभी राजनेताओं को श्रदांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान भाजपा के पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदालियर, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, सभी पार्षद समेत भाजपा नेता एंव कई कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# भाजपा मंडल ने तिरंगा यात्रा निकालकर दिया सेना के सम्मान का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 26 मई।** देश की सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सम्मान को समर्पित तिरंगा यात्रा का आयोजन आज भारतीय जनता पार्टी मंडल देवभोग द्वारा पूरे नगर में किया गया। यह यात्रा हमारे वीर जवानों के सम्मान में, हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं देश की अखंडता की रक्षा हेतु की गई वीरता को समर्पित थी।

गांवों में हमारे नागरिकों पर हुए कायराना हमले के विरोध में भारत की सेना ने साहसिक अभियान चलाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, जिससे भारत का मान-सम्मान विश्व पटल पर और अधिक ऊँचा हुआ है। इस गौरवशाली अवसर पर भाजपा मंडल देवभोग ने तिरंगा यात्रा निकालकर देवभोग नगर का भ्रमण किया और जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया।



इस अवसर पर भाजपा मंडल देवभोग के अध्यक्ष जगमोहन पटेल, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव, किसान मोर्चा जिला महामंत्री अनिल बेहरा, आजा मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सोनवानी, मंडल महामंत्री रूपदाश मरकाम, मंडल उपाध्यक्ष अनिता उपाध्याय, मोहन नेताम, मंडल मंत्री लैबानो सोना, कोषाध्यक्ष देवनाथ यादव, बूथ अध्यक्ष डॉ. अरविंद नाथ तिवारी, पार्षद कमलेश अवस्थी, अनुतोष अवस्थी, खीर लक्ष्मी सिन्हा, प्रतिमा सोनी, दुष्यंत डोरिया, मिलाप ठाकुर, तिरन यादव, हेमंत नागेश, तोषण यादव, दुर्गेश मरकाम, हुक्मत महेश, योगेंद्र नागेश, जयंती सिन्हा, लैबानो ध्रुव, कुर्सो राम ध्रुव, दीनदयाल सोनी, वेणु डोंगरे, आशीष पांडे, पारस प्रधान, टीकम यादव, चंद्रिका पटेल, पतिराम यादव सहित सभी वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने कहा कि राष्ट्रहित और देशप्रेम की भावना देवभोग के बच्चों-बच्चों के दिल में बसती है। हमारी सेना ने प्रभु हनुमान की उस चौपाई को साकार किया - 'सब सुख लहे तुम्हारी सरना, तुम रक्षक कहे को डरना।' इस प्रकार भारतीय सेना ने देश के शत्रुओं को करारा जवाब देकर दुनिया को बता दिया है कि भारत की ओर बुरी नजर उठाने वालों की अब खैर नहीं। उन्होंने आगे कहा, यह केवल यात्रा नहीं, यह विजय का प्रतीक है। यह मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रहित के प्रति निष्ठा का परिणाम है - जो न झुकी है, न रुकी है और न रुकेगी। हम सभी देशवासियों को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है।

## समाचार संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्राम पचरी में ग्रामीणों ने निकाली तिरंगा यात्रा




**तिल्दा-नेवरा, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा तिल्दा क्षेत्र के ग्राम पचरी के विभिन्न मार्गों में देशभक्ति के नारों और जोश के साथ संपन्न हुई। यह यात्रा वीर सैनिकों को समर्पित सच्ची श्रद्धांजलि है। देशभक्ति कोई क्षणिक भावना नहीं, यह जीवन भर निभाया जाने वाला संकल्प है। ऑपरेशन सिंदूर ने सिद्ध कर दिया है कि भारत अपने प्रत्येक वीर का सम्मान करना जानता है और आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर आतंकी साजिश का मुँहतोड़ जवाब देना जानता है। जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मन हरे सहित सरपंच पंच एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



**तिल्दा-नेवरा, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायपुर वार्ड नं 10, पार्षद देवदत्त द्विवेदी के कार्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 122वें संस्करण को सुना। बलौदाबाजार के विधायक एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा साथ में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

### दिल्ली व मुंबई से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया तिल्दा के ग्रामों का निरीक्षण



**तिल्दा-नेवरा, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी डॉ मिथलेश चौधरी के निर्देशानुसार बीएमओ डॉ उमा पैकरा के संरक्षण में उनकी टीम द्वारा प्राथमिक स्वस्थ केंद्र खैरखुट के प्रभारी डॉ आशीष सिंह एवं बीपीएम ममता सुनानी द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता नियंत्रण प्रमाणीकरण का कार्य दायित्व को दो दिवसीय राष्ट्रीय निरीक्षण टीम दिल्ली एवं मुंबई द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन किया जिसने ब्लॉक स्तरीय टीम के द्वारा गुणवत्ता नियंत्र टीम गठित कर पूर्ण किया गया। उसी प्रकार से एक और स्वास्थ्य संस्था आयुष्मान आरोग्य मंदिर फरहदा का भी मूल्यांकन। ब्लॉक टीम द्वारा इस सप्ताह भी पूर्ण किया गया है। लगातार विकासखंड तिल्दा में इस प्रकार से स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण सुविधा देने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

### बिजली दुकान में चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी सत्यम सिंह श्याम से मिली जानकारी के अनुसार सत्यनारायण साहू निवासी लांजा जो कि हेमू कल्याणी चैक के पास तिल्दा में ईलेक्ट्रीकल दुकान चलाता है दो दिन पूर्व को रात्रि में अज्ञात चोर के प्रार्थी के दुकान के शटर के ताला को तोडकर दुकान के अंदर प्रवेश कर 01 नग टेबल फैन, 01 नग वॉल फैन, एल्युमिनियम तार, 03 नग कूलर मोटर, 01 नग ग्राईंडर मशीन कीमती करीब 15000/रू को चोरी कर लेने की रिपोर्ट प्रार्थी के द्वारा दर्ज कराये जाने पर अपराध कायम कर विवेचना पतासाजी में लिया गया। दौरान पतासाजी उपरोक्त तीनो आरोपियान विजय देवार, सूर्या देवार, करिया देवार को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुये चोरी की योजना बनाकर दुकान के शटर का ताला तोडकर चोरी करना व चोरी की सामान को छिपाकर रखना बनाने पर आरोपियो से चोरी गये उपरोक्त सभी सामान को बरामद कर लिया गया है तथा आरोपियो विजय देवार, सूर्या देवार, करिया देवार को धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया जहा से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## एक नजर

### भगवताचार्य संतोष जोशी बने तिल्दा नेवरा तहसील के उपाध्यक्ष

**तिल्दा-नेवरा, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सरोरा तिल्दा नेवरा निवासी



भगवताचार्य शास्त्री संतोष कुमार जोशी को तिल्दा नेवरा तहसील के उपाध्यक्ष पद के लिये जिम्मेदारी दिया गया है, संतोष जोशी पुरे प्रदेश में भागवत कथा करते है, व सरोरा गांव के लघु कृषक हैं, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष उपभोक्ता संरक्षण फोरम में तिल्दा नेवरा तहसील में उपाध्यक्ष पद का दायित्व तहसील अध्यक्ष मोहन साहू, महामंत्री व पुर्व सरपंच सरोरा जुड़ावन साहू, एवं महामंत्री गोविंद राम कुंवर दादर साहू के अनुशंसा पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ राकेश मिश्रा के आदेश पर प्रदेश महासचिव एवं रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष दास साहू ने नियुक्ति आदेश जारी किया है, और मूल शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य को भेज दिया गया है। संतोष जोशी को भारत माता के सेवा करने राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान देने के लिये नियुक्त किया गया है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 26 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया नाबालिग बालिका द्वारा



रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 22 मई को शाम 17.39 बजे वह अपने घर बाडी में पानी भर रही थी, तभी आरोपी द्वारा प्रार्थिया को देखकर बार-बार अश्लील इशारा किया गया। की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आरोपी को 25 मई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम मंतराम यादव उम्र 48 साल निवासी ग्राम पौंसरी थाना सिटी कोतवाली है।

### शराब कोचिया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 25 मई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा रिसदा रोड काली मंदिर के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?9600 कीमत मूल्य का 80 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब पाव देसी मसाला शराब एवं एक मोटरसाइकिल छत्त22 ड्ड 4726 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। विदित हो कि गिरफ्तार आरोपी तिलक धृतलहरे बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ में आगजनी की घटना में भी शामिल था, जिस पर उसे गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया था।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, शिकारियों से वाहन, बंदूक और सामग्री जब्त

# वन्यजीव के शिकार का प्रयास कर रहे दो आरोपियों को भेजा गया जेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मई।** जिले के वन विभाग की टीम द्वारा वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देश पर वन्य प्राणियों की शिकार करने के प्रयास करते दो आरोपियों को गिरफ़्तार कर वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

वन विभाग की टीम द्वारा वन एवं वन्यप्राणियों के सुरक्षा हेतु रात में वन गश्त के दौरान परिक्षेत्र कोठारी बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 223 पूर्व कोठारी एवं परिक्षेत्र सोनाखान के नवागांव के आरक्षित वन क्षेत्र में कक्ष क्रमांक 247 वनोपज जांच नाका नवागांव में रात्रि 10:30 बजे कोठारी क्षेत्र से आ रहे वेगानार वाहन को रोककर जांच किया गया। जिसमें बंटी कुमार मैथ्यूज वल्द आर्थर बेंजामिन ग्राम कटगी तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार, सुरेंद्र फरमान दास वल्द राजेंद्र कुमार दास सुभाष ब्लॉक कोरबा द्वारा अपने वेगानार क्रमांक छ्त्त-12ु - 1332 के अन्दर एयर गन, टॉर्च, 2नग मोबाइल आदि सामग्री बरामद हुई।आरोपियों द्वारा उक्त सामग्री को बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में शिकार करने के उद्देश्य से रखा गया था जिसको वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं आयुध अधिनियम 1959 के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रथम श्रेणी बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय बलौदाबाजार के द्वारा दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल दाख़िला किया गया।

वनमंडलाधिकारी के निर्देशन पर लगातार वन और वन्यजीव अपराध पर कड़ी निगरानी एवं लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू महेंद्र लाल यादव, योगेश कुमार साहू, बिमलेश वर्मा, बुद्धेश्वर दिवाकर, खगेश्वर ध्रुव, भूपेन्द्र बंजारे तथा सुरक्षा श्रमिकों एवम् स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

## 7 नकाबपोशों ने व्यापारी के घर घुसकर लाखों की लूट की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 26 मई।** जिले के छुरा थाना के चरौदा गांव में बीती रात 6 से 7 नकाबपोशों ने व्यापारी के घर घुसकर चाकू की नोक पर लूट को अंजाम दिया. लुटेरे घर में रखे तीन से चार लाख रुपया नगद के साथ लगभग 400 ग्राम सोने के जेवर लूटकर ले भागे. घटना के बाद पुलिस पड़ताल में जुटी है. लुटेरों ने चरौदा गांव में निवासरत सूर्यकांत अग्रवाल के घर लूट को अंजाम दिया. नकाबपोस लुटेरों ने घर के पीछे से अंदर प्रवेश किया. इसके बाद घर के



सदस्यों से मोबाइल लूटकर एक कमरे में बंद कर लूट को अंजाम दिया. जाते-जाते लुटेरों ने पुलिस को खबर नहीं करने की हिदायत तक दे डाली. व्यापारी ने लुटेरों के जाने के बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी. सुबह होते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच टीम वारदात को अंजाम देने के तरीकों के साथ लुटेरों के बारे में पूछताछ में जुटी है. पुलिस के आला अफसरों ने जल्द की अपराधियों तक पहुंचने की बात कही है।

## सरेराह चाकू लहराकर लोगों को डरा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मई।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 24.05.2025 को ग्राम मोपर में चाकू लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 24 मई सूचना मिला की आरोपी लक्ष्मण यदू द्वारा ग्राम मोपर बडे तालाब के पास धारदार चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। की सूचना पर थाना सुहेला पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी लक्ष्मण यदू को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्र. 113/2025 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण करने सीएचसी पलारी पहुंचे कलेक्टर

### गर्भवती महिलाओं की जांच एवं अन्य व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि, पुराने लैब भवन के स्थान पर बनेगा एमसीएच बिल्डिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की जांच सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।उन्होंने अस्पताल आई हुई गर्भवती महिलाओं से बात कर उनका कुशलक्षेम पूछा तथा जांच की पूरी व्यवस्था का जायजा लिया। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु प्राइवेट गायनिकोलॉजिस्ट सोनोग्राफी, लैब से समय पर मिल रही रिपोर्ट, डाइटीशियन द्वारा पोषण सलाह की भी कलेक्टर ने सराहना की। उन्होंने भीड़ के प्रबंधन हेतु अगली बार के लिए टाइम स्लॉट की व्यवस्था अपनाने तथा जलपान व्यवस्था को हर बार के पीएम एसएम में देने कहा।कलेक्टर ने पलारी अस्पताल में एक दिन पूर्व प्रसव हुई महिलाओं को बेबी किट तथा टीबी का उपचार ले रहे मरीजों को फूड बास्केट भी प्रदान किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पुराने लैब भवन को डिसमेंटल कर उसके स्थान पर मातृ शिशु भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी. एस. ध्रुव भी उपस्थित रहे।



### नशा मुक्ति और सायबर अपराध के प्रति जागरूकता लाने बलौदाबाजार पुलिस ने किया जिले में पहली बार बास्केटबॉल-व्हालीबॉल मैच का आयोजन

# राजस्व मंत्री ने आयोजन को सराहा, खिलाड़ियों को वितरित किया पुरस्कार

■ 17 टीम के 170 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा नशा मुक्ति, सायबर अपराध एवं यातायात जागरूकता अभियान के तहत 24 से 25 मई तक दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता बलौदाबाजार बास्केटबाल-व्हालीबाल लीग का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में किया गया। जिला पुलिस बल द्वारा इस तरह के खेल प्रतियोगिता का यह पहला कार्यक्रम है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा रविवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को सन्देश दिया गया है कि खेल के माध्यम से एक अच्छे नागरिक कैसे बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी खेल भावना से ही खेलें।खेल में हार जीत तो होती है लेकिन यह अपनी सोच पर भी निर्भर करती हैं। सकारात्मक सोच एवं बड़ा लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को खेल के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। यहां



एथलेटिक्स ट्रैक एवं मल्टी परपज हॉल का निर्माण होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने जिला प्रशासन का यह बेहतर मंच है। नशा मुक्ति, सायबर अपराध एवं यातायात जागरूकता हमेशा चलती रहे। आज युवा नशाखोरी में लिप्त होते जा रहे हैं। युवाओं का काउंसिलिंग, जागरूकता अभियान, अथवा संगोष्ठी आयोजन कर नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दें। नशे के विरुद्ध हम सभी को खड़ा होना होगा।सायबर अपराध आज ज्वलंत समस्या है। अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। नशे की हालत में गाडी चलाने वालों पर तथा बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई कड़ाई से हो।

कार्यक्रम को कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि जिले में स्पोर्ट्स का बेहतर माहौल के लिए प्रयास किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्ति, सायबर अपराध एवं यातायात जागरूकता के ललिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

ये रहे विजेता और उप विजेता - बास्केट बाल महिला वर्ग विजेता रायपुर, उप विजेता बालोदाबाजार, पुरुष वर्ग विजेता भाटापारा, उप विजेता बालाजी बास्केट बाल एकेडेमी रायपुर। व्हालीबॉल महिला वर्ग विजेता नावापारा, उप विजेता कसडोल, पुरुष वर्ग विजेता रायपुर साईं, उप विजेता खम्हरिया।

बताया गया कि बलौदाबाजार -भाटापारा बास्केट बॉल - व्हालीबॉल लीग में 17 टीम के करीब 150 खिलाडी भाग लिए। इसके साथ ही कोच, रेफरी एवं पीटीआई भी शामिल थे।

इस अवसर पर स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नरेश केशरवानी, सुनीता वर्मा, रवि वर्मा, सरिता मार्को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, खिलाडी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202505092100025
अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक ब्रिजेश सिंह आ. स्व. श्री ठाकुर हरप्रसाद सिंह आयु वर्ष निवासी थाना चौक वार्ड नं. 17 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक एवं अनावेदकगणों के नाम से मोचीपारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में शीट क्रमांक 1 भू खण्ड क्रमांक 539/1 रकबा 5147 वर्गफुट आवसीय भूमि स्थित है, जों कि राजस्व अभिलेखों आवेदक एवं अनावेदकगण के शामिलात नाम सें चला आ रहा है। 3 यह कि अनावेदक क्रमांक 1 एवं अनावेदक कमांक 11 आवेदक की भाभी एवं अनावेदक कमांक 2 से 4 एवं 12 व 13 आवेदक के भतीजे एवं मतीजी व अनावेदक क्रमांक 5 से 7 तक आवेदक के भाई एवं अनावेदक क्रमांक 8 से 10 आवेदक की बहने है। आवेदक एवं अनावेदकगणों अपनें अपनें हिस्सें की भूमि पर आवास निर्माण कराना चाहते है जिसकें लिए उक्त आवासीय भूमि पर अलग अलग नाम दर्ज होना आवश्यक है। उपरोक्त आवासीय भूमि पर आवेदक एवं अनावेदकगणों का नाम अलग अलग दर्ज किये जानें का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/06/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग)

**न्यायालय तहसीलदार, एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र यादव पिता स्व. बतिया यादव निवास जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने स्वयं राजेन्द्र यादव पिता स्व. बतिया यादव निवासी जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 29.12.1978 को निवास स्थान शहर जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदक किसी कारण से अपने स्वंय का जन्म/मृत्यु तिथि 29.12.1978 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को अपने स्वंय का शासकीय कार्य के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 03/06/2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 19.5.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर

एक नजर

## मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत बना विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः कैट

**रायपुर, 26 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उनकी आर्थिक सुधारों, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी विकास के प्रति अडिग प्रतिबद्धता ने भारत को वैश्विक मंच पर प्रमुख स्थान दिलाया है - यह कहना है कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी का। पारवानी ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए सुधार, संघर्ष और पुनरुत्थान की कहानी है। उनका जन-हितैषी दृष्टिकोण, राजकोषीय अनुशासन और व्यवसाय-समर्थक नीतियाँ भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बना रही हैं। यह छोटे व्यापारियों के लिए बड़े कारोबारी बनने का एक सुनहरा अवसर है, जिससे उन्हें वित्तीय अनुशासन, सशक्तिकरण और डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाने में मदद मिलेगी। पारवानी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत ने न केवल वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का सफलतापूर्वक सामना किया है, बल्कि दीर्घकालिक और सतत विकास की एक मजबूत नींव भी रखी है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, गति शक्ति और पीएलआई योजनाओं जैसे रणनीतिक अभियानों ने प्रमुख क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया है, बुनियादी ढांचे को सशक्त किया है और रिकॉर्ड स्तर पर विदेशी निवेश को आकर्षित किया है।

## युवक पर बोतल से प्राणघातक हमला

**रायपुर, 26 मई।** गंजपारा शराब दुकान में लाइन लगने के दौरान अज्ञात युवक ने शराब के बॉटल से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुर्गेश यादव 27 वर्ष गंजपारा पानी टंकी के पास रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका दोस्त किशन मिश्रा 25 वर्ष शराब खरीदने के लिए शराब दुकान के लाइन में लगा था, तभी अज्ञात आरोपी ने उससे गाली-गलौज कर बॉटल से सिर पर हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक से मोबाइल की लूट

**रायपुर, 26 मई।** सड्डू स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास दो युवकों ने एक युवक से मोबाइल लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी परमेश्वर धीवर 28 वर्ष चांदनी चौक सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी शराब खरीदने सड्डू स्थित शराब दुकान गया था, जहां आरोपी तरूण जगत और सावंत ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मोबाइल लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अतिशेष धान की नीलामी के लिए मार्कफेड ने जारी किया टेंडर

**रायपुर, 26 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ मर्यादित द्वारा अतिशेष धान की प्रथम चरण की नीलामी के पश्चात प्राइस मेचिंग के लिए पुनः टेंडर आमंत्रित किया गया है। 35 लाख क्विंटल अतिशेष धान में से अभी तक कुल 10 लाख टन ही बिक्री हो पाई है। राइस मिलर्स फेडरेशन द्वारा निर्धारित दर से कम में खरीदने के लिए लामबंद हो गये है। विपणन संघ के महाप्रबंधक के अनुसार अतिशेष धान की नीलामी के लिए निविदाकारों से प्राइस मेचिंग का अवसर प्रदान किया जाता है जिसमें उपलब्ध स्टेको की प्राइस मेचिंग 26 मई से शुरू हो जाएगी। इच्छुक निविदाकार पंजीयन के उपरांत प्राइस मेचिंग में भाग ले सकते हो। शासन द्वारा ग्रेड ए का धान नया बारदाना हेतु 2100 प्रति क्विंटल ग्रेड ए धान पुराना बारदाना 2050 प्रति क्विंटल कामन धान 1950 एवं धान पुराना 1900 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सरकार द्वारा मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। सरकार विभिन्न सहकारी समितियों के माध्यम से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदती है लेकिन अतिशेष धान खरीदने के लिए शराब बनाने वाले एवं राइस मिलर्स आगे आते हैं लेकिन वे भी धान खरीदने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। मार्कफेड के अनुसार अभी तक राइस मिलर्स लामबंद हो गये है जिसके कारण वे 1900 रुपये प्रति क्विंटल दर से धान खरीदना चाहते हैं। ज्ञात रहे एक स्टेप में 10 हजार धान का बोरा आता है। वर्तमान में अतिशेष धान की नीलामी जिन जिलों में संग्रहण केंद्रों में धान रखा हुआ है वहीं पर की जाएगी। राइस मिलरों का कहना है कि धान को पहले साफ करो इसके पश्चात इसकी पालिशिंग करना पड़ता है। इसके पश्चात ही यह धान बिकता है। इसके लिए एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित की गई है जिसमें कृषिमंत्री सहकारिता मंत्री एवं खाद्यमंत्री शामिल हैं। मंत्रीमंडल उपसमिति की बैठक में तय किया गया है कि अतिशेष धान का प्राइस जैसे का तैसा रहेगा। इसलिए अतिशेष धान खरीदने के लिए आगे नहीं आ रहे है। इस समय रायपुर बालोद तथा राजनांदगांव में अतिशेष धान की बिक्री हो रही है। फिर से टेंडर जारी किया गया है। देखना है कि इसका क्या परिणाम आता है।

# जातिगत जनगणना से होगा बड़ा बदलावः भूपेश




**रायपुर, 26 मई।** दिल्ली में आज कांग्रेस के ओबीसी विभाग की अहम बैठक होगी. इस बैठक में राहुल गांधी समेत देशभर के ओबीसी कांग्रेस नेता शामिल होंगे. राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल सहित कई कांग्रेस विधायक दिल्ली जा रहे हैं. दिल्ली जाने वाले विधायकों में रामकुमार यादव और कुंवर सिंह निषाद भी शामिल हैं. दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि जब से राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की बात की है, तब से देशभर में इसे लेकर माहौल बना हुआ है. उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तर पर बड़ा बदलाव संभव है. इसी विषय को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला किया, यह कैबिनेट का निर्णय है. हालांकि यह प्रक्रिया समय और संसाधन मांगती है, और फिलहाल भारत सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है. उन्होंने बताया कि इन्हीं मुद्दों को लेकर दिल्ली में छत्तीसगढ़ के सभी ओबीसी नेता एकजुट हो रहे हैं. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रिमंडल विस्तार में विलंब और सीमित मंत्रियों की संख्या को लेकर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि जितने कम मंत्री होंगे, उनके सारे विभाग मुख्यमंत्री के पास चले जाएंगे. अब यह जानने की आवश्यकता है कि मुख्यमंत्री के पास जो विभाग हैं, उन्हें आखिर चला कौन रहा है? उन्होंने कहा कि चाहे वह माइनिंग हो या शिक्षा, सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास हैं, तो फिर उनका संचालन कौन कर रहा है? मेकाहारा अस्पताल में पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी और मारपीट की घटना पर भूपेश बघेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ ऐसी घटना की मैं निंदा करता हूं. सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों. बता दें कि रविवार रात कवरेज करने गए मीडियाकर्मी के साथ मेकाहारा अस्पताल में तैनात बाउंसरों ने धक्कामुक्की की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी थी. इस घटना को लेकर मीडियाकर्मियों में भारी आक्रोश है. दंतेवाड़ा जिले में नक्सलवाद को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में वहां नक्सलियों की संख्या में भारी कमी आई थी. हमने वहां शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया और आदिवासियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अभियान चलाए. उन्होंने वर्तमान की साय सरकार पर आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार तेंदूपत्ता नहीं खरीद पा रही है और मनरेगा भी सुचारू रूप से नहीं चल रहा है, जिससे आदिवासियों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है.

# मीडियाकर्मियों से मारपीट करने वाले बाउंसर एजेंसी के संचालक व साथी गिरफ्तार



**रायपुर, 26 मई।** रविवार देर रात अंबेडकर अस्पताल में बाउंसर ने मीडियाकर्मियों के साथ मारपीट की। न्यूज़ चैनल के रिपोटर्स रायपुर में हुई चाकूबाजी की घटना में घायल शख्स से जुड़ी रिपोर्टिंग करने पहुंचे थे। रिपोर्टर को न्यूज़ बनाने से रोकने के चक्कर में बाउंसर हाथापाई पर उतर आए। इसकी खबर मिलते ही रायपुर के अन्य पत्रकार और प्रेस क्लब के पदाधिकारी की अस्पताल पहुंचे बाउंसर में सभी पत्रकारों के साथ पुलिस के सामने ही धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इस मामले में तीन बाउंसर को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि पत्रकारों को धमकाने और व्यवहार करने वाले लोगों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने मारपीट करने वाले बाउंसर एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। रिपोटर्स को चाकूबाजी से पीड़ित वर्ग की रिपोर्टिंग करने से रोका गया। विवाद तब बढ़ा जब अस्पताल में बाउंसर सप्लाई करने वाली एजेंसी का संचालक वसीम बाबू पिस्तौल लेकर अस्पताल पहुंचा। वसीम अपने 3 बाउंसर के साथ मिलकर पत्रकारों को धमकाने लगा। पुलिस की मौजूदगी में उसने महिला सुरक्षा कर्मियों को अस्पताल के गेट से बाहर निकालकर पत्रकारों की ओर धकेलना शुरू किया। अस्पताल के गेट पर ही पुलिस ने रिपोर्टर्स को रोका। सभी पत्रकार बाउंसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। लगभग 3 घंटे बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई न होती देख सभी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर दिया। इस मामले में मौदहापारा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की । बाउंसर एजेंसी के संचालक वसीम बाबू और उसके दो साथी बाउंसर को गिरफ्तार किया गया । खबर है कि वसीम के घर से पिस्तौल और गोलियां बरामद की गई हैं।

## महिला की हत्या, 2 सगे भाई गिरफ्तार

**रायपुर, 26 मई।** महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने दो सगे भाईयों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि जादूटोना व जमीन विवाद को लेकर हत्या की गई। प्रार्थी श्याम यादव ने थाना खरोरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम खरोरा वार्ड क्र0 11 में सपरिवार रहता है। प्रार्थी की बुआ पद्मा यादव वार्ड क्र. 13 खरोरा स्थित अपने घर में अकेली रहती है। दिनांक 25.05.25 को दोपहर लगभग 03.30 बजे प्रार्थी को सूचना प्राप्त हुई कि उसकी बुआ अपने घर के बाहर मुख्य दरवाजा के पास खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी हुई है। गिरफ्तार आरोपियों पड़ोस में रहने वाले राजू यादव एवं जीवन यादव ने बताया कि मृतिका उनके ही जमीन को उनके दादाजी से सस्ते दाम में खरीदकर घर बनाकर अकेली रहती थी। आरोपियों को शक था कि मृतिका पद्मा यादव जादू टोना करती है एवं नींबू मिर्ची फेंकती है। आरोपियों के पत्नियों का गर्भपात भी हुआ था, गर्भपात का कारण आरोपियान मृतिका के जादू टोना को ही मानते थे।

# देश की हर उपलब्धि पर कांग्रेस को तकलीफः अमित

**रायपुर, 26 मई।** भारत के जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर भूपेश बघेल के नकारात्मक बयान ,जिसमें उन्होंने दावा किया कि केवल 20 कॉरपोरेट लोगों की संपत्ति बढ़ी है इस पर पलट वार करते हुए भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं महालेखाकार छत्तीसगढ़ के पूर्व सलाहकार सीए अमित चिमनानी ने कहा कि कांग्रेस को देश की हर उपलब्धि से तकलीफ है एवं वह देश की हर उपलब्धि से चिढ़ते हैं। जब-जब देश आगे बढ़ता है देश का डंका विश्व में बजता है तब तक कांग्रेस के खेमे में मायूसी छा जाती है और वह ऊलजुल बयान देने लगते हैं जिनका कोई तथ्य नहीं होता। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी बयान इसी श्रृंखला में दिया हुआ एक बयान है।

अमित ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने केवल 11 वर्षों में 40 लाख करोड रुपए से ज्यादा तो किसानों के, युवाओं के महिलाओं के, खाते में सीधे डाले हैं देश के 25 करोड लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं जनता का पैसा सीधा जनता के पास पहुंच रहा है अब यहां पर 85त्न भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस को खदेड़ा जा चुका हैं। देश के बजट का आकार भी 16 लाख करोड रुपए से बढ़कर 50 लाख करोड़ हो गया है देश में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ गई है देश में अब हर व्यक्ति पहले की तुलना में बेहतर जीवन जी रहा है उनके जीवन में मिलने वाली सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है ऐसे में भारत का चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारतवासियों के लिए गौरव का विषय है और यह सभी की योगदान से ही संभव हो पाया है। अमित ने कहा भूपेश बघेल को सार्वजनिक करना चाहिए कि पिछले 11 वर्षों में उनकी आय कितनी बढ़ी है सोनिया गांधी और राहुल गांधी की आय कितनी बढ़ी? निश्चित तौर पर उनकी आय में भी कुछ वृद्धि हुई होगी ,जैसे पूरे देशवासियों की आय में हुई है ऐसे में उनका राजनीतिक बयान उनके स्वयं के आंकड़े से ही गलत साबित हो जाएगा। देश में जब-जब खुशी मनाने का अवसर होता है जब-जब देश को मिल रही उपलब्धियों पर गर्व करने का विषय रहता है तब कांग्रेस नकारात्मक बयान बाजी कर कर, अपने ही देश के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम करती है, जो की एक अक्षम्य में अपराध है।

## आर्थिक क्षेत्र में भारत की प्रगति के पीछे मोदी का विजनः सलीम राज

**रायपुर, 26 मई।** भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक ऐतिहासिक छलांग लगाते हुए जापान को पीछे छोड़ दिया है और अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह उपलब्धि भारत के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक मील का पत्थर है। डॉ. सलीम राज ने कहा कि यह केवल एक आर्थिक रैंकिंग नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में देश में हुए व्यापक सुधारों और मजबूत नीतिगत फैसलों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था आज स्थिरता, पारदर्शिता और वैश्विक निवेशकों के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत ने जिस तरह से अपने आर्थिक ढांचे को मजबूत किया, वह अन्य विकासशील देशों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल बुनियादी ढांचे, स्टार्टअप, डिजिटलीकरण और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं को गति दी, बल्कि हर वर्ग को आर्थिक विकास से जोड़ने का कार्य किया है। डॉ. सलीम राज ने कहा कि निश्चित ही आने वाले वर्षों में भारत सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

# सुहागन महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत



**रायपुर, 26 मई।** राजधानी में आज सुहागन माताओं एवं बहनों ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए वटसावित्री का व्रत रखा। सोमवती अमावस्या की तिथि पर यह व्रत मनाया जाता है। ऐतिहासिक बुढ़ेश्वर मंदिर, दूधाधारी मंदिर सहित राजधानी के अनेक प्राचीन बरगद के नीचे बैठकर सुहागन महिलाओं ने पूजा अर्चना की। राजधानी में आज जेट माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर यह व्रत महिलाओं ने रखा। इसका उद्देश्य अपने सुहाग की रक्षा छत्तीसगढ़ में पूजन परंपरा के अनुसार चुड़ी, फल तथा रक्षासूत्र वृक्ष को बांधा जाता है।

**बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना की**

सुहागन महिलाएं आज श्रृंगार कर पूजा पाठ करने पहुंची। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर भारी भीड़ देखी गई। घर में भी लोगों ने बरगद का पौधा रखकर पूजा-अर्चना की है। पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि बरगद एक पेड़ होता है। नका इस व्रत में बहुत महत्व है।

कथा के अनुसार इसी पेड़ के नीचे सावित्री ने अपने पति को यमराज से वापस पाया था। सावित्री को देवी का रूप माना जाता है। पुराणों में बरगद के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास बताया जाता है। मान्यता के अनुसार ब्रह्मा वृक्ष की जड़ में, विष्णु इसके तने में और शिव उपरी हिस्सा में रहते है। यही वजह है कि यह माना जाता है कि इस पेड़ के नीचे बैठकर पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती है।

# रायपुर में बनेंगे सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर



**रायपुर, 26 मई।** विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है. देश की प्रतिष्ठित कंपनी करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रायपुर में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया. इस इकाई में 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा.

इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक जैन ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सदन, नई दिल्ली में मुलाकात की. बैठक में प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा, निवेश संभावनाएं और रोजगार सृजन के आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई. जैन ने बताया कि यह यूनिट तकनीकी दृष्टि से देश की सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई होगी, जो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवेश प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, ÷हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक मजबूत स्तंभ बने. यह निवेश सिर्फ एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है. राज्य सरकार इस परियोजना को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी. यह परियोजना राज्य में बिजली क्षेत्र के आधुनिकीकरण, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, और उद्योग आधारित विकास को गति देगी. विशेष रूप से यह पहल ÷मेक इन छत्तीसगढ़÷ के नारे को मजबूती देती है, जहां अब अत्याधुनिक तकनीक से बने ट्रांसफॉर्मर पूरे देश को रोशन करने का कार्य करेंगे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी.


समाचार संक्षेप

## मंत्रिमंडल का शीघ्र विस्तार करने का आग्रह



**रायपुर, 26 मई।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर शीघ्र मंत्रिमंडल का विस्तार करने का आग्रह किया है। आहूजा ने कहा है कि आप हरियाणा की तरह 14 मंत्री बना सकते हैं। बृजमोहन अग्रवाल को सांसद बने 8 माह हो गये हैं। रायपुर की जनता बड़ी उत्सुकता से राह देख रही है कि उन्हें केन्द्र में कब मंत्री बनाया जाएगा। आहूजा ने साय से कहा है कि आप हर मोर्चे पर सफल रहे हैं। नक्सली उन्मूलन की दिशा में आप पिछले सभी मुख्यमंत्रियों से बहुत सफल हैं। 75 प्रतिशत नक्सलियों का सफाया हो गया है, शेष का आगामी 6 माह में सफाया हो जायेगा। उर्जा विभाग में बहुत घाटा हो रहा है। मैने आपको पत्र लिखा था कि स्मार्ट मीटर लगाने में बिजली चोरी रूक जायेगी और घाटा कम हो जायेगा। स्मार्ट मीटर लगाने के काम में तेजी आ गई है। शिक्षा के क्षेत्र में 10वी,12 वीं का रिजल्ट जहां कमजोर था वहां के अधिकारियों पर आपने कार्रवाई की है। निगम मंडलों का गठन करके कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया है। सभी क्षेत्र में आप सफल है, केवल मंत्रिमंडल गठन को छोड़कर। अतः आपसे आग्रह है कि शीघ्र मंत्रिमंडल का पूरा गठन करने की कृपा करें।

## फेसबुक में आईपीएस के नाम से बनाई गई दो फेक आईडी





**रायपुर, 26 मई।** छत्तीसगढ़ के आईपीएस शलभ कुमार सिन्हा के नाम और फोटो का दुरूपयोग कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है, उन्होंने खुद अपने आधिकारिक अकाउंट से इस बात की जानकारी दी है. इन फर्जी खतों में प्रोफाइल फोटो एक ही तरह की लगाई गई है. लेकिन कवर फोटो दोनों खातों में अलग है. आईपीएस शलभ ने लोगों को अकाउंट की रिपोर्ट करने के लिए अपील की है. आईपीएस शलभ सिन्हा ने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर लिखा कि ÷ मेरे दो फर्जी प्रोफाइल बनाए गए हैं और इनसे फ्रेंड रिक्वेस्ट की जा रही है. कृपया प्रोफाइल की रिपोर्ट करें और रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें. हमारी ओर से उचित कार्रवाई की जा रही है. सायबर अपराध पर लगाम लगाना अब भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है. यह पहली बार नहीं है जब किसी आईपीएस अधिकारी या पुलिस अफसर के नाम पर सोशल मीडिया पर फर्जी खाता बनाया गया हो. इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं. बता दें कि आईपीएस अक्षय कुमार के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर ठगी करने का मामला उजागर हुआ था. इस केस में हरियाणा से दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था. दोनों आरोपी फर्जी खाते के जरिए लोगों को मेसेज भेजते थे. साथ ही सामान खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी को अंजाम थे.

## अहिल्याबाई ने धार्मिक स्थलों के निर्माण और उत्थान के लिये सराहनीय कार्य किये



**रायपुर, 26 मई।** ग्राम गुधेली में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती समारोह में बोलते हुए भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई नारी नेतृत्व और धर्मनिष्ठ शासन की प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि धर्म का पालन करते हुए जनकल्याण भी किया जा सकता है। मैं आज उनकी जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करता हूँ और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराता हूँ। समारोह में भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सत्संग के साथ-साथ ग्रामवासियों ने अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन प्रसादी वितरण के साथ हुआ साथ में सभी महिला समूह के महिला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र वर्मा जिला महामंत्री भाजपा,सूर्यकांत नायक मंडल अध्यक्ष ,प्रभारी होरीलाल सिन्हा, राहुल ठिकरिया जिला पंचायत सदस्य , सरपंच गुधेली श्रीमती शिमा निषाद , पोषण वर्मा , डॉ डिकेन्द्र वर्मा ओमप्रकाश ,नेतराम परगनिहा , डांडी के वर्मा, देवेंद्र साहू, डॉ उतम देवांगन,अशोक पाण्डेय, खिलु साहू, ताकेश्वर सोनी युवामोर्चा भीम्भौरी मंडल अध्यक्ष, पोषण निर्मलकर युवामोर्चा महामंत्री ,पंकज वर्मा उपाध्यक्ष,छेदी लाला साहू,जीतू शाहू, परमेश्वर निषाद ,सरपंच प्रतिनिधि शिवा चौहान,, संजय साहू,देवेंद्र शिवर,रामकुमार वर्मा , श्रीमती हेमलता भारती,खिलेश्वरी, अर्पण मानस महिला समिति - अध्यक्ष टिकेश्वरी परगनिहा ,उपाध्यक्ष कविता परगनिहा, जय माँ सिद्धि समिति - अध्यक्ष द्रोपति साहू,उपाध्यक्ष लिवेनी साहू,, महिला विकास समिति अध्यक्ष ताकेश्वरी साहू ,उपाध्यक्ष दुलेश्वरी साहू, जय मां तुलसी समूह - अध्यक्ष राधिका शिवर,उपाध्यक्ष नेहा साहू , एवं ग्रामीण की उपस्थिति रही।

## रायपुर रेल मंडल 5 जून तक मनाएगा विश्व पर्यावरण दिवस




**रायपुर, 26 मई।**रायपुर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान (22 मई से 5 जून) के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष का अभियान केवल एक दिन तक सीमित न होकर एक विस्तारित चरणबद्ध में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें चरणबद्ध रूप से जागरूकता, संवाद, और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है 7 इसी क्रम में दिनांक 25 मई 2025 को यात्रियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्लास्टिक उपयोग में कमी और कचरा प्रबंधन के महत्व को समझाते हुए रायपुर स्टेशन पर स्वच्छता रैली निकाली गई । जिसमें मुख्य स्टेशन प्रबंधक सहित मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों, सफ़ाई कर्मियों, वेंडरों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भाटापारा सहित मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के बीच भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । यात्रियों को अपने स्वयं के पानी की बोतलें लेकर चलने के लिए प्रेरित किया गया ताकि एकल-प्रयोग प्लास्टिक के उपयोग को रोका जा सके। स्टेशनों एवं रेलवे कार्यालयों में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान साकार रूप ले इस हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोटिवेट किया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26